

झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक





रांची, बुधवार, 15 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -29 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## जेईई एडवांस्ड टॉपर कनिष्क जैन व ऋषित गर्ग बने गोल्ड मेडलिस्ट, भारत पांच स्वर्ण के साथ विश्व में नंबर वन

एजेंसी

**कोटा।** इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड कोलंबिया के बुकारामांगा में 4 से 12 जुलाई के बीच आयोजित हुआ था. इंटरनेशनल कंपटीशन में कोटा के स्टूडेंट्स कनिष्क जैन और ऋषित गर्ग ने गोल्ड मेडल हासिल किया. इसके अलावा सभी पांचों भारतीय प्रतिभागी गोल्ड मेडलिस्ट रहे. भारत 87 देशों में नंबर वन पर रहा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर भारतीय टीम को बधाई दी है. टीम में कनिष्क जैन, श्रेष्ठ सुरैया, रिद्धेश बेंडाले, ऋषित गर्ग व स्वरित जोशी शामिल हैं. इनमें स्वरित जोशी 11वीं पास कर चुके हैं, जबकि




शेष 12वीं पासआउट स्टूडेंट हैं. इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडलिस्ट और विश्व की नंबर 1 रैंकिंग यूनिवर्सिटी मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्टडी और स्कॉलरशिप का ऑफर पाने वाले कनिष्क जैन ने कहा कि कोटा में मिला एकेडमिक सपोर्ट बेस्ट था. फाइनल में कई देशों के स्टूडेंट्स से मिलने का मौका मिला. अपनी पूरी नॉलेज और तैयारी का उपयोग किया, जिसके बदौलत सफलता हासिल की. जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 18 प्राप्त कर आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस में बी-टेक में एडमिशन ले चुके रिद्धेश बेंडाले ने कहा कि इंटरनेशनल ओलंपियाड में बहुत कुछ सीखने को मिला, साथ ही देश का नाम रोशन करना बहुत अच्छा लग रहा है. ऑल इंडिया रैंक 109 प्राप्त कर IIT दिल्ली की उर ब्रांच से B.Tech करने जा रहे ऋषित गर्ग ने कहा कि कोटा में जो तैयारी हुई वह हर परीक्षा में काम आएगी. यह प्रदर्शन भी उसी का परिणाम है. कक्षा 11 में उपलब्धि हासिल करने वाले स्वरित जोशी ने कहा कि यदि सही समय पर सही शुरूआत की जाती है तो रिजल्ट अच्छे आने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं.

निजी कोचिंग संस्थान के उएड नितिन कुकरेजा ने इसे ओलंपियाड में चयन की बड़ी सफलता और भारतीय टीम के प्रथम स्थान पर रहने को गौरव की बात बताया. ओलंपियाड का पहला चरण नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स ने आयोजित किया. इसके बाद होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन ने दूसरा चरण इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाडआयोजित किया. तीसरा चरण ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप हुआ, जिसके बाद भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पांच सदस्यीय टीम का चयन हुआ. चौथा और अंतिम चरण 56वां इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड कोलंबिया के बुकारामांगा में हुआ, जिसमें विश्व के 87 देशों के 381 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. भारतीय टीम के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांचों गोल्ड मेडल जीतकर भारत का परचम लहराया.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**राज सिंह**
**समाजसेवी, रांची**

**आज का ददौर अकका दौर है, इस दौर में सब कुछ संभव है, वर्तमान के लिए एक बेहतर विकल्प है, क्रिएशन का इसको अच्छे से समझने की आवश्यकता है, जिससे आप अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं ।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,054.94**
निफ्टी :- **24,052.05**

### मौसम

अधिकतम तापमान : 30°
न्यूनतम तापमान : 23°

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:12
संध्या :- 18:38

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1916 को दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस और विमान निमार्ता कंपनी 'बोइंग' (Boeing) की शुरूआत हुई?**

## झारखंड को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर राज्य में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना हमारा लक्ष्य : संजय प्रसाद



झारखण्ड उजाला संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 में उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारी पहचान केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि देश और दुनिया तक पहुँचनी चाहिए। झारखंड की समृद्ध हस्तकरघा और वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर हम राज्य में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना चाहते हैं, ताकि हमारे युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर न जाना पड़े। रोजगार बढ़ेगा तो झारखंड का विकास भी नई गति से आगे बढ़ेगा।

**बुनकरों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अवसर उपलब्ध कराना उद्देश्य**

मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि भारत टेक्स 2026 झारखंड के पारंपरिक वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने, बुनकरों और कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराने तथा राज्य के वस्त्र उद्योग को वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। झारखंड पवेलियन में राज्य के छह जीआई टैग प्राप्त हस्तकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी ने झारखंड की समृद्ध वस्त्र विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और बुनकरों की प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के समक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तसर सिल्क, कुचाई सिल्क, भगैया साड़ी एवं फैब्रिक, टुमका चादर, भोया साड़ी एवं फैब्रिक तथा पंछी साड़ी एवं फैब्रिक का प्रदर्शन किया गया।

**भारत की वस्त्र एवं फैशन क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक नेतृत्व में झारखंड की हस्तकरघा उत्पाद का अहम योगदान**

फैशन और फैशन से वैश्विक बाजार से प्रेरित भारत टेक्स 2026 वस्त्र एवं परिधान उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए व्यापार, निवेश, नवाचार, नीतिगत संवाद और रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख वैश्विक मंच बन चुका है। यह आयोजन भारत की वस्त्र एवं फैशन क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता, सतत विकास, तकनीकी नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के निदेशक श्री विशाल सागर, अपर सचिव श्रीमती प्रीति सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में देश-विदेश के निमार्ता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति-निमार्ता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी प्रदाता तथा हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा क्षेत्र से जुड़े कारीगर बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

### पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक का निधन, विधानसभा से कांग्रेस भवन तक लगा अमर रहे का नारा

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अंतिम नमन कर बोले- उनकी कमी हमेशा खलेगी

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के निधन से शोक की लहर है. मंगलवार को उन्होंने रांची के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली. मन्नान साहब से मशहूर वह कांग्रेस के हमेशा सच्चे सिपाही के रुप में जीवनभर बने रहे. वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे और आखिरकार करीब 84 साल के उम्र में उनका निधन हो गया. अंतिम संस्कार धनबाद में बुधवार को दिन के 1 बजे होगा. इधर मन्नान साहब के निधन से प्रदेश कांग्रेस में शोक की लहर है. निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को सर्वप्रथम विधानसभा परिसर लाया गया जहां उन्हें स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई लोगों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की.

**झारखंड ने एक अनुभवी जनप्रतिनिधि नेता को खो दियाः हेमंत सोरेन**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री



मन्नान मल्लिक के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि वे लंबे समय तक जनसेवा और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे, उन्होंने झारखंड, विशेषकर धनबाद की जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का काम किया. उनके निधन से राज्य ने एक अनुभवी जनप्रतिनिधि और सामाजिक सरोकारों से जुड़े नेता को खो दिया है. उनका निधन अपूरणीय क्षति है, उनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी ने दिवंगत पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के परिवार से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना दी. इधर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने दिवंगत मन्नान मल्लिक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया.

**कांग्रेस भवन में लगा मन्नान मल्लिक अमर रहे का नारा**

विधानसभा परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद दिवंगत मन्नान मल्लिक का पार्थिव शरीर कांग्रेस भवन लाया गया, जहां कांग्रेस का झंडा देकर लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी. इस दौरान कांग्रेस भवन मन्नान मल्लिक के नारों से गूंजता रहा. इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह सहित कई लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी. पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मन्नान मल्लिक जैसा मंत्री विधायक होना मुश्किल है जो अपनी बेबाकी के लिए हमेशा जाने जाएंगे. शायद यही वजह है कि उन्हें हिंदू मुस्लिम सभी धर्मों के लोगों का प्यार हमेशा मिला. ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मन्नान साहब हमलोगों के लिए अभिभावक के समान थे उनका जाना कांग्रेस के लिए बड़ी क्षति है.

**2009 में बने थे पहली बार धनबाद के विधायक**

मन्नान मल्लिक ने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन की शुरूआत तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर के निजी सचिव के रूप में की थी. इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. तत्पश्चात मन्नान मल्लिक पहली बार 2009 में कांग्रेस के टिकट पर धनबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने थे. वह हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से मंत्री बने थे. कांग्रेस के अलावा उन्होंने कोयलांचल में मजदूर राजनीति में भी अपनी पहचान बनाई थी.

### संक्षिप्त समाचार

**एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ और सुपरवाइजरों को मिलेगा 6 हजार रुपये का मानदेय**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) कार्य में लगे बीएलओ और सुपरवाइजरों को एकमुश्त 6 हजार रुपये अतिरिक्त मानदेय दिए जाएंगे. यह फैसला आज जारी आदेश में कहा गया है. यह राशि उन्हें मिलने वाले वार्षिक मानदेय के अलावा दी जाएगी. निर्वाचन आयोग के सचिव पवन दीवान की ओर से जारी पत्र में कहा गया है. विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में काम और जिम्मेदारी सामान्य से अधिक है. इसे देखते हुए आयोग ने सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को 6 हजार रुपये का एकमुश्त मानदेय देने की मंजूरी दी है. आयोग ने इस संबंध में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजा है.

**बिजली अलर्ट : रांची के कई इलाकों में आज 4 घंटे का पावरकट**

**रांची।** राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में बिजली मेंटेनेंस के कारण आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. प्रभावित इलाके के रहवासी जरूरी कार्य समय पर निपटा लें, बिजली मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद फिर से बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी. दिन के 11बजे से शाम के 3 बजे तक सुन्दर विहार, कोकर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. वहीं बर्दवान कम्पाउंड, लालपुर अंतर्गत मातृका आश्रम, सीटी एन्क्लेव, कंगन ज्वैलर्स गली एवं आस-पास के क्षेत्र में दिन के 11बजे से दोपहर के 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी. सुबह 10 बजे से दोपहर के 1 बजे तक कुच्चू, बजरमारा. कमता, मंदरो कुकुई, आरा केरम, टुंडाहोली, हेंदेबिली, सागा टोली, तिरला रोड, जावाबेडा, लोवाडीह, हतवाल, पार पांचा, बारीडीह,पार बारीडीह, सवैया, टंगटंग टोला, नकवाटोली, झिरी आनंदी, ढाकुरटोला आनंदी, पुरनाटोली आनंदी, जाराटोली आनंदी, नया टोली आनंदी, रोंगो टुंगरी, सुंदर बगान, जयडीहा, बरतुआ, मनातू, पुंदाग, चुटुपालु, खीराबेडा, डोहाकातु, गणेशपुर एवं आसपास का क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी.










# रेल परियोजना के तहत आयोजित मासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**टाउन हॉल रामगढ़ में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह**




**रामगढ़।** रेल परियोजना के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ बनाने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जुलाई माह में आयोजित मासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंगलवार को टाउन हॉल, रामगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उपायुक्त ऋतुराज द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मासिक परीक्षाओं का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का मूल्यांकन करना नहीं, बल्कि उनकी सीखने की क्षमता को निरंतर बेहतर बनाना और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से इसी प्रकार मेहनत एवं लगन के साथ अध्ययन जारी रखने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। रेल परियोजना के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और विद्यार्थियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यार्थियों का नियमित मार्गदर्शन करते हुए उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जुलाई माह की मासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के लकी हजाम, वसुंधरा कुमारी, रीमा पोद्दार, अनमोल चंद्र पोद्दार, विद्या कुमारी, आकाश कुमार, तनुजा कुमारी, आरती कुमारी, अंजली कुमारी एवं अमोल कुमार राज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के शीतल कुमारी, सागर कुमार रजक, मनु कुमारी, दीपिका कुमारी, लखराज कुमार, ज्ञान सुधा, मानसी कुमारी, श्रेया कुमारी, शबा आजमी, बेनजीर शबा, लक्ष्मी कुमारी, नीलम कुमारी, सोनू कुमार, सचिन कुमार एवं पूर्णिमा कुमारी को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के संदेश के साथ हुआ।

## इनर व्हील क्लब ने रामगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम किए



**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा छावनी परिषद स्थित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया 1. क्लब सदस्यों के द्वारा पौधारोपण किया गया 2. क्लब के द्वारा 25 डस्टबिन दिया गया 3. 25 सफाई कर्मियों को मानसून को देखते हुए रेनकोट देकर उनको सम्मानित किया गया क्लब अध्यक्ष श्वेता जैन ने कहा इनर व्हील क्लब रामगढ़ मानव सेवा के लिए निरन्तर कार्यक्रम करते रहेगी।मौके पर क्लब अध्यक्ष श्वेता जैन,शर्मिष्ठा दत्त, अनुराधा श्रॉफ, रंजू अरोड़ा, जसमीत सोनी, नीरू सहनी, पिंकी गांधी, दीपा वडेरा, जसविंदर कौर, मेघा बागड़िया, नमिता श्रॉफ, जसप्रीत, गुरबक्स सैनी, आदि सदस्य मौजूद थे ।

## नमस्ते दिवस पर सफाई मित्रों का सम्मान, स्वास्थ्य जांच शिविर व पीपीई किट का हुआ वितरण




**राजमहल/साहिबगंज।** नमस्ते दिवस के अवसर पर मंगलवार को नगर पंचायत राजमहल कार्यालय के सभागार में जागरूकता, क्षमता संवर्धन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख एवं नगर उपाध्यक्ष मो. मारूफ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑनलाइन क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें सफाई मित्रों के कल्याण, व्यावसायिक सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। सफाई मित्रों के लिए आयोजित विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम में कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के सही उपयोग तथा सुरक्षित कार्य पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी सफाई मित्रों के बीच पीपीई किट का वितरण किया गया, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम में नगर पंचायत के वार्ड पार्षद, पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ बताया तथा उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के प्रति नगर पंचायत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पतरातु घाटी में कोयला लदा ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचा चालक





झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**पतरातूः** सोमवार की देर रात करीब एक से दो के बीच खलारी से पतरातू घाटी से होते हुए बंगाल जाने वाली 16 चक्का ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें चालक की जान बाल बाल बची। ट्रक में कोयला लदा हुआ था जो घाटी के तीखे मोड नलकारी डैम के ठीक सामने दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सड़क पर चारों ओर बिखर गई। इस संदर्भ में चालक राजेश कुमार ने बताया कि ऊपर वाले कृपा रही जो मेरी जान बच गई। क्योंकि गाड़ी का अचानक ब्रेक फेल हो गया और मैं उसे नियंत्रित नहीं कर पाया जिस कारण गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसने आगे बताया कि मलिक को इसकी जानकारी दे दी गई है और वह आए भी सारे कागजातों के साथ। फिलहाल वह पिठोरिया थाना में संपर्क करने गए हैं। इस बीच सड़क पर बिखरे कोयला को उठाने वालों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी का नंबर JH02A6985 है।

# श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर भुरकुंडा में मंथन, अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की उठी मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**16 वर्षों की परंपरा को बनाए रखने का संकल्प, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन को ज्ञापन सौंपने पर बनी सहमति**



**पतरातूः** श्रावणी मेला समिति की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को भुरकुंडा थाना मैदान में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, रैयतों एवं विस्थापितों ने भाग लिया। बैठक में आगामी श्रावणी मेला के सफल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भुरकुंडा थाना मैदान में श्रावणी मेला का आयोजन पिछले 16 वर्षों से श्रावणी मेला समिति द्वारा सफलतापूर्वक किया जाता रहा है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा समिति एवं मेले को लेकर भ्रामक अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध प्रशासन से कार्रवाई की मांग करने तथा इस संबंध में रामगढ़ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने पर सहमति बनी। बैठक में श्रावणी मेला के दौरान आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, विधि-व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा प्रशासन के सहयोग से मेला का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता श्रावणी मेला समिति के अध्यक्ष आजाद भुइंया और संचालन सचिव रोबिन मुखर्जी ने किया। बैठक में दीपक भुइंया, विस्थापित नेता रंजीत बेसरा, झरी मुंडा, रामदास बेदिया, राजेश सोनी, बालेश्वर बेदिया, हरिलाल बेदिया, किशून नायक, जग्गू घांसी, मुकेश राउत, मंसूर खान, सागर कुमार, बब्लू ठाकुर, उपमुखिया सागर कुमार, राजन करमाली, पिंकू बेदिया, आशीष मुखर्जी, संजीत राम, संतोष उरांव, कैलाश करमाली, रविंद्र सिन्हा, रंजीत पांडेय, चुन्नू सिंह, विश्वनाथ करमाली, अमित शाहू, संतोष सोनी, चंदन साव, घनश्याम पासवान, उदय सोनी, बिकू रजक, बिनय तिवारी, बिक्रम कुमार, सिक्कू कुमार, अमन चौहान, रोहित सोनी, लाली करमाली, देव कुमार, जितेंद्र वर्मा, अमर राम, अंकित आर्या, बिट्टू गुप्ता, विशाल एंथोनी, बिनोद राम, मनोज मांझी, भुनेश्वर मांझी, रोहित मुंडा, उमेश कुमार, राजेंद्र करमाली, बिजेंद्र उर्फ गुडन पासवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बलकुदरा उच्च विद्यालय में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पतरातूः** बासल क्षेत्र के बलकुदरा उच्च विद्यालय में मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत संचालित वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अग्रगति संस्था के पतरातू प्रखंड के सीएफएल समन्वयक विकास पटेल ने किया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं, बचत, बीमा, पेंशन तथा सुरक्षित वित्तीय लेन-देन के प्रति जागरूक किया गया। विकास पटेल ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मंईया सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन, मुद्रा लोन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बैंक खाते में नॉमिनी का नाम दर्ज कराने, मोबाइल नंबर अपडेट रखने तथा डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराध और फ्रॉड कॉल से बचाव के उपाय बताते हुए आरबीआई के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14448, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं बैंकिंग शिकायत हेल्पलाइन 155260 की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक बनाकर उन्हें भविष्य में सुरक्षित एवं जिम्मेदार वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार महतो, महेश साव, प्रीति कुमारी, अजीत कुमार, रीता कुमारी, सबिता कुमारी, रीना कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय द्वितीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता में गोला प्रखंड बना चैम्पियन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में गांधी मेमोरियल मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस विद्यालय, रामगढ़ परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय द्वितीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-12 बालिका वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला प्रखंड की टीम जिला चैम्पियन बनी। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक खुशबू कुमारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनूप एम. केरकेट्टा, एपीओ कुमार राज, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी तथा विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार अनल की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पहले दिन जिले के छह प्रखंडों की अंडर-12 बालिका टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मुकाबला दुलमी प्रखंड एवं पतरातू प्रखंड के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद ट्राई-ब्रेकर में दुलमी प्रखंड ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला गोला प्रखंड एवं दुलमी प्रखंड के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, लेकिन गोला प्रखंड की टीम ने 1झ0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता से पूर्व सभी छह प्रखंडों से आई बालिका टीमों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की तथा एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया। रामगढ़ फुटबॉल संघ के रेफरी द्वारा सीटी बजाकर मैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक खुशबू कुमारी ने कहा कि लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ₹बच्चे जमकर खेलें और मन लगाकर पढ़ाई करें, तभी वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे।₹
उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को अंडर-12 बालक वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिले के विभिन्न प्रखंडों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षा शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास, शेखर कुमार, कुलदीप कुमार, तेजू मुंडा, दीपक सिंह, धर्मजीत सिंह चौहान, आदित्य कुमार, मो. मुस्तकीम, रामप्रकाश महतो, धीरज पाठक सहित अनेक शिक्षकों एवं कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## साहिबगंज जिले में बैंकों की सुरक्षा जांच, पुलिस ने दिए सतर्कता के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**राजमहल/साहिबगंज।** जिले के विभिन्न बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर जिलेभर के प्रमुख बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया गया। साहिबगंज शहर में सदर एसडीपीओ सुशील कुमार एवं नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस ने बैंक के मुख्य प्रवेश द्वार को लोहे की जंजीर से नियंत्रित रखने की सलाह दी, ताकि एक समय में केवल एक व्यक्ति ही बैंक के अंदर प्रवेश कर सके। इसके अलावा सुरक्षा गार्डों को ऐसे स्थान पर तैनात रखने का निर्देश दिया गया, जहां से वे बैंक में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रख सकें। थाना प्रभारी ने बैंक प्रबंधकों को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।वहीं, राजमहल अनुमंडल में एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा बैंक अधिकारियों को सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। पुलिस ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और बैंकिंग व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रक्तदान महादानः राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने किया रक्तदान



**रामगढ़।** मंगलवार को झारखंड सेवा समिति द्वारा छावनी परिषद अस्पताल, रामगढ़ में आयोजित ₹रक्तदान महादान₹ कार्यक्रम में राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए मानव सेवा का संदेश दिया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी रक्तदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा, रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म और महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। युवाओं को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि,कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार की ओर से ₹रक्तदान महादान₹ अभियान में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं रक्तदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ। आपका यह महान योगदान मानवता की सेवा और जीवन बचाने की प्रेरणा है।सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि राधा गोविन्द विश्वविद्यालय समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है तथा ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में निरंतर भागीदारी करता रहेगा।रक्त दान महादान कार्यक्रम का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने रक्तदान के साथ-साथ लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस अधीक्षक ने किया समीक्षा बैठक



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ द्वारा सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों के साथ नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा एनसीएलआई पोर्टल पर कांडों के 60/90 दिनों के अंतर्गत निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु लंबित कांडों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा थानावार 60/90 दिन श्रेणी के लंबित कांडों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नये आपराधिक कानूनों के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण कर आरोप-पत्र समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, पुलिस निरीक्षकों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को नियमित रूप से थानावार प्रगति की समीक्षा करने, समय-सीमा के निकट पहुँच चुके कांडों की विशेष निगरानी कर निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा सभी अनुसंधानकताओं को गुणवत्तापूर्ण, वैज्ञानिक एवं तकनीक आधारित अनुसंधान करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आरोप-पत्र समर्पित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# विश्व चिंपैंजी दिवस पर ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगा।** रियादा (भारत पेट्रोल पंप के पीछे), एकगुड़ी स्थित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा में विश्व चिंपैंजी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रार्थना सभा से हुई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिंपैंजी पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान और सामाजिक जीवों में से एक हैं। वे मनुष्यों के सबसे निकट संबंधी प्राणियों में गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज तेजी से हो रही जंगलों की कटाई, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा अवैध शिकार के कारण चिंपैंजी सहित अनेक वन्यजीवों का अस्तित्व संकट में है। यदि हम आज प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा के लिए जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियाँ इन जीवों को केवल पुस्तकों और चित्रों में ही देख पाएँगी।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोभा रानी साहू ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया।अंत में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे प्रकृति की रक्षा करेंगे, अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे, वन्यजीवों का सम्मान करेंगे, प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का प्रयास करेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए छोटे-छोटे सकारात्मक कदम उठाएँ, क्योंकि ₹प्रकृति सुरक्षित होगी, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने कन्या भ्रूण संरक्षण एवं नारी चेतना कार्यक्रम के तहत बांटी बेबी किट,माताओं को किया जागरूक

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा 14 जुलाई को कन्या भ्रूण संरक्षण एवं नारी चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत रामगढ़ सदर अस्पताल में एक प्रेरणादायी सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को जन्म देने वाली माताओं के बीच बेबी किट का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान मंच के सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती महिलाओं से संवाद कर कन्या भ्रूण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा नारी सम्मान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा महिलाओं को समान अधिकार एवं सम्मान देने का संदेश दिया।मंच के सदस्यों ने कहा कि बेटी परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। कन्या भ्रूण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं।इस अवसर पर श्रींजय मेवाड़, संतोष गोकुलका, अमन बोंदिया, प्रद्युम्न गोयल एवं अंश अग्रवाल उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने माताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके एवं नवजात शिशुओं के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं उनके परिजनों ने मंच की इस संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# झारखंड में बीडीओ-सीओ व्यवस्था में बड़ा बदलाव, अब पंचायतों की संख्या के आधार पर होगी अधिकारियों की तैनाती, संकल्प जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के युक्तिसंगत पदस्थापन को लेकर संकल्प जारी किया है. नई व्यवस्था के तहत अब प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी की तैनाती प्रखंड और अंचल में पंचायतों की संख्या के आधार पर की जाएगी. सरकार का दावा है कि इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और आम लोगों को सरकारी सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा. सरकार के अनुसार राज्य में कई वर्षों से ऐसी स्थिति बनी हुई थी, जहां एक ही अधिकारी इ़ड्ड और उड दोनों का दायित्व निभा रहे थे. इससे विकास योजनाओं की निगरानी और राजस्व प्रशासन दोनों प्रभावित हो रहे थे. वहीं कई वरिष्ठ अधिकारी अपनी सेवा श्रेणी से नीचे के पदों पर कार्यरत थे. ऐसे में अधिकारियों की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था. इसी समस्या को दूर करने के लिए युक्तिसंगत पदस्थापन की नीति लागू की गई है.

### राज्य में कितने प्रखंड और अंचल

झारखंड में वर्तमान में 264 प्रखंड और 268 अंचल हैं. इनमें कई स्थानों पर अलग-अलग अधिकारी तैनात हैं, जबकि कई जगहों पर एक ही अधिकारी दोनों जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं. सरकार ने अब पूरे राज्य की प्रशासनिक जरूरतों का आकलन कर नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है.

### 12 पंचायत बना नया पैमाना

नई व्यवस्था के तहत 12 या उससे कम पंचायत वाले प्रखंड और अंचल में एक ही अधिकारी इ़ड्ड और उड दोनों का कार्यभार संभालेंगे. वहीं 12 से अधिक पंचायत वाले बड़े प्रखंडों और अंचलों में दोनों पद अलग-अलग होंगे. यानी वहां स्वतंत्र रूप से बीडीओ और सीओ की नियुक्ति की जाएगी. सरकार का मानना है कि बड़े क्षेत्रों में अलग-अलग अधिकारियों की तैनाती से प्रशासनिक कामकाज अधिक प्रभावी होगा. राज्य की कुल 271 प्रशासनिक इकाइयों को पंचायतों की संख्या के आधार पर वर्गीकृत किया गया है. इनमें से 164 प्रशासनिक इकाइयों में अलग-अलग प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी की तैनाती की जाएगी. वहीं 53 प्रशासनिक इकाइयों में केवल अंचल अधिकारी और 54 प्रशासनिक इकाइयों में केवल प्रखंड विकास पदाधिकारी का एकल पदस्थापन होगा.

### विकास और राजस्व कार्यों में आएगी तेजी

अलग-अलग अधिकारियों की तैनाती होने से विकास योजनाओं की निगरानी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायतों से जुड़े कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन और दूसरी ओर दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, म्यूटेशन, अतिक्रमण, राजस्व वसूली तथा आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों पर अलग-अलग अधिकारी पूरा ध्यान दे सकेंगे. इससे लंबित मामलों के निपटारे में भी तेजी आने की उम्मीद है.

### वरिष्ठता के अनुसार मिलेगा पद

संकल्प में यह भी स्पष्ट किया गया है कि झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अब उनकी वरिष्ठता, वेतनमान और सेवा संरचना के अनुरूप पदों पर पदस्थापित किया जाएगा. सरकार का मानना है कि इससे अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक दक्षता में सुधार होगा. इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद ने 2 जुलाई 2026 की बैठक में मंजूरी दी थी. इसके बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने विस्तृत संकल्प जारी कर दिया है.

# झारखंड में मानसून एक्टिव : अगले दो दिन तक बारिश का येलो अलर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है. मौसम केंद्र ने आज यानी 14 जुलाई को राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है. कुछ जिलों में भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है. अगले दो दिनों तक भी मौसम का यही मिजाज बने रहने का अनुमान है.

### आज इन जिलों में रहेगा सबसे ज्यादा असर

14 जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है. कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात हो सकता है. मौसम विभाग ने 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी चेतावनी दी है. देवघर, जामताड़ा और गिरिडीह में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है. वहीं बोकारो, धनबाद और दक्षिण-पूर्वी झारखंड के कुछ इलाकों में भी अच्छी बारिश हो सकती है.

### 15 जुलाई को भी जारी रहेगा बारिश का दौर

15 जुलाई को मौसम में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है. राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है. गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ रांची और खूंटी के आसपास के इलाकों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. साथ ही दक्षिण पूर्वी इलाके में प्रभावित रहेंगे.

### 16 जुलाई को दक्षिण-पूर्वी जिलों पर ज्यादा असर

16 जुलाई को भी मानसून सक्रिय रहेगा. राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. इस दिन गुमला और सिमडेगा सहित दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. मौसम केंद्र रांची ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है. बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश नहीं हुई लेकिन तापमान सामान्य से ऊपर बना रहा.

# 212वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आषाढ़ माह के भौमवती अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश का महास्नान पर्व अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न कराया गया। प्रातः काल 5:00 बजे मंदिर के पट खुले तो दैनिक दर्शन करने वालों के अतिरिक्त अमावस्या दर्शन करने वालों भक्तों की भी भीड़ थी। मंगला आरती 5:30 बजे के बाद तीनों मंड के पर्दे लगाए गए। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ बाबा श्री श्याम का महास्नान प्रारंभ हुआ। दूध दही घी मधु गंगाजल के मिश्रण से महास्नान कराया गया। गुलाब के रूह से बाबा की मालिश की गई। कोलकाता से मंगाए गए तुलसी दल सफेद कमल कामिनी पत्ता की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को सजाया गया। नवीन पोशाक बागा पहनाकर पंचमेवा भोग लगाया गया। बाबा श्री श्याम के दर्शन कर भक्तों ने हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय सांवले सरकार की जय के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद श्रृंगार आरती की गई। बड़ी संख्या में भक्त श्रृंगार आरती में मौजूद थे। आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के भजन से श्याम मंदिर गूंज रहा था। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### 212 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 212 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सुनील मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित करवाई एवं सुनील मोदी ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। यजमान ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

# रीढ़ के पास फंसी गोली निकाली, पारस एचईसी हॉस्पिटल ने बचाई 62 वर्षीय मरीज की जान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल रांची में गोली लगने से घायल 62 वर्षीय मरीज की सफल सर्जरी हुई है। मरीज सात दिन में स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो गया है। लोधमा निवासी 62 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली लगने के बाद गंभीर अवस्था में हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया गया। मरीज की रीढ़ (वर्टिब्रा) के पास गोली फंसी हुई थी और अस्पताल पहुंचने के समय वह शॉक की स्थिति में था। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने तत्काल मरीज का प्राथमिक उपचार और रेससिटेशन शुरू किया। आवश्यक रक्त जांच, सीटी स्कैन, ब्लड ट्रांसफ्यूजन तथा मरीज की स्थिति को स्थिर करने के बाद उसे आपातकालीन सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया। वरिष्ठ सर्जन डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। इस दौरान चेस्ट ट्यूब इंसर्शन, मिनी थोराकोटॉमी, गोली निकालने (बुलेट एक्सट्रैक्शन), डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी तथा अन्य चोटों की मरम्मत की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तीन दिनों तक आईसीयू में निगरानी में रखा गया। इसके बाद चार दिनों तक वार्ड में उपचार और देखभाल की गई। मरीज की स्थिति में लगातार सुधार होता गया और सर्जरी के सात दिन बाद उसे पूरी तरह हेमोडायनामिक रूप से स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि मरीज का समय पर इलाज, विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की बदौलत मरीज की जान बचाई जा सकी। यह मामला गंभीर ट्रॉमा और गोली लगने जैसी जटिल परिस्थितियों में पारस हॉस्पिटल की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और सर्जिकल विशेषज्ञता का उदाहरण है।

# झारखंड में एसआईआर: मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण में चुनाव पाठशाला का आयोजन, बूथों पर उमड़ी भारी भीड़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राज्य में चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा सभी बूथों पर चुनाव पाठशाला आयोजित की गई. इस दौरान बूथों पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई. रांची के पुंदाग स्थित एक मतदान केंद्र पर ईटीवी भारत की टीम पहुंची तो वहां बड़ी संख्या में आए मतदाता बीएलओ और बीएलए-2 के माध्यम से गणना प्रपत्र भरते नजर आए. गणना प्रपत्र को लेकर हो रही परेशानी को दूर करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा नामित वोलेंटियर्स भी मुस्तैद दिखे.

### सुपरवाइजर का बयान

सुपरवाइजर सुब्रा रानी ने कहा कि यह बड़ी पहल है, जिससे लोगों को एसआईआर से संबंधित जानकारी मिल रही है. उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जा रही हैं, लोगों को धैर्य रखना होगा क्योंकि इसमें समय लग रहा है. गणना प्रपत्र भरने में भी बहुत सारी बातें लोगों द्वारा पूछी जा रही हैं, जिनकी जानकारी दी जा रही है.

### बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक और आंकड़े तैयार

मतदान केंद्र पर बीएलओ के साथ बीएलए-2 भी मौजूद रहे. चुनाव पाठशाला के साथ-साथ मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए-2 की बैठक भी हुई. इस दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नामित बीएलए-2 ने उस मतदान केंद्र में स्थित वोटरों की जानकारी ली. मृत वोटर के साथ-साथ शिफ्टेड वोटर आदि का आंकड़ा बीएलए-2 द्वारा तैयार किया जा रहा था.

### चुनाव पाठशाला में सूचियों का खुलासा

चुनाव पाठशाला में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ, डुप्लीकेट एवं रिफ्यूज टू साइन की सूची को सर्वसाधारण के सामने लाया गया. इसके अलावा बैठक के दौरान अनमैप्ड मतदाताओं के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज के चुनाव पाठशाला को सफल बताते हुए कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम सहभागी एवं पारदर्शी प्रक्रिया है. इसके माध्यम से कोशिश की जा रही है कि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और पारदर्शी बनाया जा सके.

# सदर अस्पताल में मरीज के फेफड़े का जटिल ऑपरेशन सफल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राजधानी के सदर अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है. अस्पताल के डॉक्टरों ने धनबाद से आए एक मरीज की बेहद जटिल थोरैसिक डिकॉर्टिकेशन सर्जरी सफलतापूर्वक की है. अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि सदर अस्पताल में इस तरह की सर्जरी पहली बार की गई है. मरीज लंबे समय से क्रॉनिक एम्पायमा बीमारी से पीड़ित था. इस बीमारी में फेफड़ों के आसपास मवाद और थक्के जम जाते हैं, जिससे मरीज को सांस लेने में काफी परेशानी होती है. मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने थोरैसिक डिकॉर्टिकेशन सर्जरी करने का फैसला लिया. अस्पताल के अनुसार, ऑपरेशन सफल रहा और सर्जरी के दौरान ही मरीज की स्थिति में सुधार दिखाई देने लगा. सर्जरी के साथ मरीज की डायग्नोस्टिक थोराकोस्कोपी और ब्रोंकोस्कोपी भी की गई. बताया गया कि मरीज को दिल से जुड़ी बीमारियां भी थीं. इसी वजह से रांची के कुछ निजी अस्पतालों ने सर्जरी करने से इनकार कर दिया था. ऐसे ऑपरेशन का खर्च निजी अस्पतालों में आमतौर पर 6 से 8 लाख रुपये तक आता है, लेकिन सदर अस्पताल में यह सर्जरी पूरी तरह मुफ्त की गई. यह सर्जरी झारखंड के किसी सरकारी अस्पताल में पहली बार की गई है. इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व ओंकोसर्जन डॉ. अभिनव ने किया. उनकी टीम में सर्जन डॉ. अखिलेश, पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. सौविक, डॉ. दीपक, डॉ. आंचल और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. विकास शामिल थे. अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस सर्जरी को सफल बनाने में उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश और सिविल सर्जन डॉ. प्रभात का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा.

# बूथ निरीक्षण के दौरान सामने आई शिक्षा व्यवस्था की हकीकत, विद्यालय के जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़।** मंगलवार को तमाड़ विधानसभा के बीएलए-1 प्रभारी सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने अपनी टीम के साथ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर गहन मतदाता पुनरीक्षण (Special Intensive Revision-SIR) अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर अधिकारियों (BLO) से अभियान की जानकारी ली तथा मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। श्री मुण्डा ने बूथ संख्या 201 (रायडीह), 211 (खखसीडीह), 203 एवं 205 (बुनियादी विद्यालय, तमाड़), 196, 197 एवं 296 (राजकीय हरिजन मध्य विद्यालय, तमाड़) सहित विभिन्न बूथों का भ्रमण किया। उन्होंने भाजपा संगठन से जुड़े सभी बीएलए-2 कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बीएलओ को सहयोग करें तथा पात्र मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाकर स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। बूथ निरीक्षण के दौरान टीम ने राजकीय हरिजन मध्य विद्यालय, तमाड़ का भी औचक निरीक्षण किया। विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति देखकर सभी उपस्थित लोग आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने कहा कि यह भवन विद्यालय से अधिक किसी गौशाला जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि 132 छात्र-छात्राओं और चार शिक्षकों वाला यह विद्यालय आज भी अत्यंत जर्जर भवन में संचालित हो रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पिछले दो वर्षों से विद्यालय को कंटीजेंसी मद की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिसके कारण छोटे-छोटे मरम्मत कार्य भी नहीं कराए जा सके हैं। इससे विद्यालय की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में है। इस अवसर पर भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग की कि विद्यालय भवन की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका न रहे और विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सह बीएलए-2 महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, भारती कुमारी, चंदन साहू, अभय मुखर्जी, तुलसी मुण्डा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला कांग्रेस का 21 जुलाई को 'संसद चलो' आंदोलन, महिला आरक्षण लागू करने की करेंगे मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** महिला आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता संसद भवन का घेराव करेंगे. 21 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित इस आंदोलन में झारखंड सहित देश भर से महिला कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ता शामिल होंगे. इस आंदोलन को महिला कांग्रेस ने 'संसद चलो' नाम दिया है, जिसके माध्यम से केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण लागू करने का दबाव डाला जाएगा.

झारखंड से दिल्ली जाने की हो रही तैयारी की जानकारी देते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस की सह प्रभारी सुधा प्रसाद ने कहा कि यह आंदोलन आक्रामक होगा और केंद्र सरकार को महिला आरक्षण लागू करना होगा. उन्होंने कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक यह लागू नहीं हो जाता. उन्होंने कहा कि कभी-कभी आंदोलन के क्रम में अनुशासन तोड़ना भी पड़ता है क्योंकि अब बहुत हद हो गई है. अनुशासन में रहते हुए हम लोगों ने काफी आंदोलन किया है, इसके बावजूद मोदी सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है. 21 जुलाई को संसद चलो कार्यक्रम के तहत झारखंड के हर जिले से महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली जाने की तैयारी में हैं. प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो ने बताया कि इस आंदोलन में हजारों की संख्या में महिलाएं भाग लेंगी.

# रांची के मोरहाबादी वेंडिंग जोन-2 में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 33 दुकानों में अवैध किरायेदारी का खुलासा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी वेंडिंग जोन-2 में अनियमितताओं के खिलाफ रांची नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 33 आवंटित दुकानों में अवैध किरायेदारी के मामलों की पहचान की है. लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद निगम ने सोमवार को वेंडिंग जोन में व्यापक जांच और सत्यापन अभियान चलाया. जांच में सामने आया कि कई आवंटित दुकानदार स्वयं दुकान संचालित करने के बजाय उसे किराये पर देकर दूसरे स्थानों पर व्यवसाय कर रहे थे. इसके अलावा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और बिना अनुमति स्थायी निर्माण के मामले भी सामने आए हैं. नगर निगम के अनुसार जांच के दौरान 33 आवंटियों द्वारा नियमों के विरुद्ध अपनी दुकान या स्थल अन्य लोगों को किराये पर दिए जाने की पुष्टि हुई. वहीं 10 दुकानदारों ने बिना किसी स्वीकृति के शटर, शेड अथवा स्थायी संरचना का निर्माण कर लिया था, जो वेंडिंग जोन के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है. इसके अतिरिक्त दो मामलों में एक ही परिवार के दो सदस्यों द्वारा अलग-अलग आवंटन लेकर व्यवसाय संचालित किए जाने का मामला भी सामने आया है.

रांची नगर निगम ने इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है. नियमों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही आवंटन रद्द करने तथा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है. जांच में जिन प्रमुख आवंटियों के खिलाफ अनियमितताएं मिली हैं, उनमें संतोष मुंडा, फुलमनी मुंडा, मिथिलेश कुमार, रवि रंजन कुमार, छोटू वर्मा, सुमित चटर्जी और रंजीत कुमार सिंह सहित अन्य शामिल हैं. नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि वेंडिंग जोन का उद्देश्य वास्तविक और पात्र स्ट्रीट वेंडरों को सम्मानजनक एवं व्यवस्थित आजीविका उपलब्ध कराना है. किसी भी परिस्थिति में आवंटित स्थल की व्यावसायिक किरायेदारी, अवैध हस्तांतरण या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है. निगम का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा कार्रवाई को लेकर लगाए जा रहे आरोप भ्रामक हैं, जबकि जांच में स्वयं संबंधित आवंटियों द्वारा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है. निगम की कार्रवाई केवल नियमों के अनुपालन, सार्वजनिक हित और वेंडिंग जोन में पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की जा रही है. नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि रांची नगर निगम की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि वेंडिंग जोन का लाभ केवल वास्तविक और पात्र स्ट्रीट वेंडरों को मिले. किसी भी तरह की अवैध किरायेदारी, नियमों का उल्लंघन या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा और जहां भी अनियमितता मिलेगी, वहां बिना किसी भेदभाव के सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# डीसी-एसएसपी ने रथयात्रा की तैयारियों का लिया जायजा, सुरक्षा व श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** जगन्नाथपुर रथयात्रा एवं मेले के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने अधिकारियों के साथ रथयात्रा मार्ग एवं मौसीबाड़ी परिसर का संयुक्त निरीक्षण किया. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रथयात्रा मार्ग को पूरी तरह समतल एवं साफ रखने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सड़क पर गड्ढे, कंकड़ या किसी प्रकार की बाधा नहीं रहनी चाहिए, ताकि रथयात्रा और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम हो सके. साथ ही मार्ग से अतिक्रमण हटाने और आयोजन के दौरान पूरे रास्ते को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए. उपायुक्त ने बिजली विभाग को रथयात्रा मार्ग के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को सुरक्षित करने या आवश्यकतानुसार हटाने का निर्देश दिया. वहीं, श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की. मौसीबाड़ी परिसर में टेंट, पेयजल, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए. दूसरी ओर, एसएसपी राकेश रंजन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी वॉच टावरों को सक्रिय रखने और प्रत्येक वॉच टावर पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि रथयात्रा मार्ग और मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी तथा सड़क के डिवाइडर पर किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी.

# नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने, आपदा प्रबंधन क्षमता परखने एवं जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज** ।विकास भवन सभागार में अपर समाहर्ता विजय कुमार की अध्यक्षता में कल आयोजित होने वाले सिविल डिफेंस एयर रेड ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज के सफल आयोजन को लेकर अंतिम उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के आलोक में कल 15 जुलाई 2026 (बुधवार) को जिले में व्यापक स्तर पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एवं एयर रेड ब्लैकआउट अभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी हवाई हमले खतरे अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थिति में नागरिकों की सुरक्षा, प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया तथा विभिन्न एजेंसियों के समन्वय की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है ।उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में आपदा एवं आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जागरूक एवं प्रशिक्षित होना आवश्यक है। यह मॉक ड्रिल नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा संकट की घड़ी में सही निर्णय लेने की क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी ।जिले में यह अभ्यास संध्या महाविद्यालय साहिबगंज, प्रखंड कार्यालय परिसर साहिबगंज तथा साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में अपराह्न 4:00 बजे से अपराह्न 9:00 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा, जहाँ विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक वातावरण तैयार कर राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा ।बैठक में अपर समाहर्ता ने सभी संबंधितों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से मॉक ड्रिल संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान नागरिकों को सायरन प्रणाली, सुरक्षित स्थानों तक निकासी, प्राथमिक उपचार, राहत एवं बचाव कार्य तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मॉक ड्रिल की प्रमुख गतिविधियाँ**

====================

- ❖हवाई हमले की चेतावनी के संकेत स्वरूप सायरन का संचालन।
- ❖निर्धारित अवधि के लिए ब्लैकआउट अभ्यास, जिसके दौरान नागरिकों से बिजली, इन्वर्टर एवं कृत्रिम प्रकाश स्रोतों का उपयोग नहीं करने का अनुरोध किया जाएगा।
- ❖चिन्हित सुरक्षित स्थानों तक नागरिकों की निकासी प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास।
- ❖जिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस तथा स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय सहभागिता।
- ❖ रियल-टाइम मॉनिटरिंग हेतु शैडो कंट्रोल रूम की स्थापना।
- ❖ड्रोन एंव विडियोग्राफी के माध्यम से ब्लैकआउट एवं संपूर्ण अभ्यास की निगरानी।

संपूर्ण मॉक ड्रिल की वीडियो रिकॉर्डिंग।

चिन्हित स्थल जहां मॉक ड्रिल होगाः

- ❖ प्रखंड कार्यालय साहिबगंज ( 4 बजे अपराह्न )
- ❖संध्या कॉलेज साहिबगंज ( 4 बजे अपराह्न )
- ❖साहिबगंज रेलवे स्टेशन (8 बजे अपराह्न )

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले, साहिबगंज में युद्धस्तर पर शुरू हुई धान की रोपाई



**साहिबगंज।** जिला सहित प्रखंडों में मंगलवार को रुक-रुक कर हुई मूसलाधार बारिश ने जिले के किसानों के लिए संजीवनी का काम किया है। पिछले कई दिनों से आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे किसानों की चिंता अब खुशी में बदल गई है। बारिश के बाद खेतों में 3 से 4 इंच तक पानी जमा हो गया है, जिसके बाद सुबह से ही क्षेत्र में धान रोपाई का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया। लगातार हो रही बारिश से पहले तक जिले के अधिकांश खेत दरारों से भरे थे। किसान बिचड़ा तैयार कर चुके थे, लेकिन पानी के अभाव में रोपाई नहीं कर पा रहे थे। परंतु मंगलवार की झमाझम बारिश ने सब कुछ बदल दिया। अदरो, बड़ा व छोटा तौफीर, बड़गांव सहित आस-पास के 20 से अधिक गांवों में सुबह से ही खेतों में हल चलने की आवाजें गूंजने लगीं। महिलाएं और पुरुष दोनों ही समूह बनाकर खेतों में रोपाई में जुट गए। स्थानीय किसान बांयां मुंडा ने कहा कि पिछले 15 दिन से बारिश का इंतजार कर रहे थे। बिचड़ा भी तैयार था और खराब होने के डर से परेशान थे। आज की बारिश ने जान में जान डाल दी। सुबह से ही 5 बीघा में रोपाई कर दी है। वहीं घोघी गांव के किसान राजेश हांसदा ने बताया कि समय पर पानी मिल गया है। अगर 10-15 दिन और देर होती तो बिचड़ा बेकार हो जाता और फसल पर असर पड़ता। अब उम्मीद है कि इस बार उत्पादन भी अच्छा होगा। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले में धान की रोपाई का रकबा लगभग 49 हजार हेक्टेयर है। इस बारिश से खरीफ फसल की बुआई को गति मिलेगी। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे रोपाई के साथ-साथ उर्वरक और कीटनाशक का भी समय पर प्रयोग करें। कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि अभी मिट्टी में पर्याप्त नमी है। किसान रोपाई के बाद खरपतवार नियंत्रण और खाद प्रबंधन पर ध्यान दें तो उत्पादन में 20-25% तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

## साहिबगंज में अच्छी बारिश के बाद धान रोपाई में तेजी लाने की सलाह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज** ।जुलाई के शुरूआती 12 दिनों तक कम बारिश से चिंतित किसानों के लिए राहत की खबर है। 13 जुलाई को हुई अच्छी बारिश के बाद साहिबगंज जिला कृषि विभाग ने किसानों से धान की रोपाई में तेजी लाने की अपील की है ।विभाग का कहना है कि खेतों में बनी पर्याप्त नमी का लाभ उठाकर किसान समय पर रोपाई करें,ताकि बेहतर उत्पादन मिल सके ।जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि जिन किसानों का धान का बिचड़ा तैयार हो चुका है,वे बिना विलंब रोपाई शुरू करें ।साथ ही खेतों की मेड़ों को मजबूत करें,ताकि वर्षा का पानी खेतों में अधिक समय तक रुका रहे और फसल को पर्याप्त नमी मिल सके ।उन्होंने किसानों से धान के साथ-साथ अन्न (बाजरा,रागी,ज्वार एवं अन्य मिलेट) की बुआई और रोपाई पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की ।उन्होंने कहा कि मोटे अनाज कम पानी में भी अच्छी पैदावार देते हैं,पौष्टिक होते हैं और किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हैं ।कृषि विभाग ने किसानों से समय पर कृषि कार्य पूरा करने तथा किसी भी तकनीकी सलाह के लिए अपने प्रखंड कृषि पदाधिकारी या कृषि समन्वयक से संपर्क करने की अपील की है।

## एसआईआर अभियान के तहत कोटालपोखर में बीएलए-2 व मतगणना अभिकताओं का प्रशिक्षण, ऑनलाइन एएसडी व अनमैप्ड मतदाताओं की दी गई जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मंगलवार को कोटालपोखर में बीएलए - 2 एवं मतगणना अभिकताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएलओ अमित साह ने की। इस दौरान बीएलओ सहायक साजिद आलम मंसूरी, पंचायत समिति सदस्य रंजीत साह, पूर्व उपमुखिया उत्तम साह, शमीम मंसूरी सहित कई अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एब्सेंट, सिफ्टेड, डेड (एएसडी) तथा अनमैप्ड मतदाताओं से संबंधित जानकारी और आवश्यक प्रक्रियाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराना था। सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न बूथों के बीएलए - 2 प्रतिनिधि एवं मतगणना अभिकर्ता शामिल हुए। इस दौरान प्रशिक्षकों ने ऑनलाइन पोर्टल पर एएसडी एवं अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान, सत्यापन और डेटा अपडेट करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। साथ ही मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और अद्यतन बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा - निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षकों ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की सफलता में बीएलए - 2 और मतगणना अभिकताओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में मिली जानकारी का प्रभावी उपयोग करते हुए पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ।

## प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला आयोजित




**उधवा/साहिबगंज।** राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की संयुक्त बैठक सह चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में साहिबगंज जिले के कुल 383 मतदान केंद्रों पर बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला संपन्न हुई। वहीं उधवा प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर भी निर्धारित समय पर बैठक आयोजित कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की गईं ।चुनाव पाठशाला के दौरान बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रवार अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची पढ़कर सुनाई गई। साथ ही बीएलए-2 एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से सूची का सत्यापन कर आवश्यक सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सके। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने, पात्र मतदाताओं का नाम सूची में सुनिश्चित करने तथा अपात्र एवं त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के निष्पादन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी संबंधितों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से कार्य करने की अपील की गई।

## कोटालपोखर में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं रथ महोत्सव का शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।**
कोटालपोखर क्षेत्र मंगलवार को धार्मिक उल्लास और भक्ति के रंग में रंग गया। श्री श्री राधाकृष्ण (गोपीनाथ) मंदिर सह मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सह यज्ञ एवं श्री श्री जगन्नाथ रथ महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक रीति - रिवाजों के साथ भव्य कलश यात्रा से हुआ। आयोजन के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। सुबह मंदिर प्रांगण से निकली कलश यात्रा में सैकड़ों कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर भाग लिया। गाजे - बाजे, हरिनाम संकीर्तन और भगवान के जयघोष के बीच यात्रा कोटालपोखर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। मंदिर परिसर लौटने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना एवं पूजा - अर्चना संपन्न हुई। मंदिर समिति ने बताया कि 14 से 20 जुलाई तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा का वाचन वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक ब्रज रज दास (प्रभु) करेंगे, जो श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की दिव्य कथा का रसपान कराएंगे। महोत्सव के अंतर्गत 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शांतिमोड़ से शाम तीन बजे निकाली जाएगी। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री श्री राधाकृष्ण (गोपीनाथ) मंदिर पहुंचेगी। वहीं 24 जुलाई को उल्टा रथ यात्रा मंदिर से शांतिमोड़ दुर्गा मंदिर तक निकाली जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. विद्या सागर के नेतृत्व में प्रशांत गुप्ता, हीरालाल साह, मनोज साह, सुशील रजवार, दुलाल घोष, पंकज गुप्ता सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण एवं रथ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने और आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

## कोटालपोखर में पेवर ब्लॉक निर्माण से बदली छठ घाट की सूरत, श्रद्धालुओं में खुशी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।**
कोटालपोखर पंचायत के वार्ड संख्या 06 स्थित राधे - कृष्ण मंदिर के समीप 15 वें वित्त आयोग की राशि से कराए गए पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से इस कार्य की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। यह स्थान क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों में से एक है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर की आराधना के लिए पहुंचते हैं। पहले कच्चा रास्ता होने के कारण बारिश और कीचड़ में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पेवर ब्लॉक बिछने के बाद अब श्रद्धालु आसानी से मंदिर और छठ घाट तक पहुंच सकेंगे। निर्माण कार्य से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ी है। स्थानीय लोगों ने इसे धार्मिक आस्था और जनसुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण विकास कार्य बताते हुए खुशी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के कार्यों से लोगों को सीधा लाभ मिलता है और धार्मिक आयोजनों के दौरान होने वाली परेशानियां भी कम होती हैं। मुखिया सेरोफिना हेंब्रम ने कहा कि पंचायत में विकास कार्यों को लोगों की जरूरत के अनुसार प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं पंचायत समिति सदस्य रंजीत साहा ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ - साथ धार्मिक स्थलों का भी समुचित विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## मूसलाधार बारिश से झपाई पुल डूबा, तीनपहाड़झ्रराजमहल मार्ग पर दो घंटे ठप रहा आवागमन



**साहिबगंज** ।राजमहल प्रखंड अंतर्गत तीनपहाड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में सोमवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर मंगलवार को जनजीवन पर साफ दिखाई दिया। भारी वर्षा के कारण तीनपहाड़-राजमहल मुख्य मार्ग पर बभनगामा मोड़ के समीप स्थित झपाई पुल पर पानी भर गया, जिससे करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। पुल पर पानी चढ़ जाने के कारण लालबन, परड़िया, कांजीगांव, कल्याणचक सहित आसपास के दर्जनभर गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया। सुबह लगभग छह बजे से आठ बजे तक पुल के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लगी रही और लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ा। जलस्तर कम होने और पुल से पानी निकलने के बाद प्रशासन की निगरानी में आवागमन फिर से सामान्य रूप से शुरू कराया गया। लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं किसानों ने इस बारिश को खेती के लिए लाभकारी बताया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में ऐसे संवेदनशील पुलों और सड़कों की नियमित निगरानी तथा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## जय कुमार ठाकुर बने मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष

**साहिबगंज।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन, भारत ने साहिबगंज में अपने संगठन का विस्तार करते हुए धनजोरी निवासी जय कुमार ठाकुर को नई जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश कुमार भाटी के जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार जय कुमार ठाकुर को साहिबगंज जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जय कुमार ठाकुर समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, शोषण, भय, आतंकवाद, मानवाधिकार हनन एवं पर्यावरण संबंधी समस्याओं पर कड़ी नजर रखेंगे। साथ ही शासन-प्रशासन को घटनाओं से अवगत कराकर पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में सहयोग करेंगे।

## बालिकाओं के सशक्त भविष्य की ओर साहिबगंज का सशक्त कदम राजमहल में किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वावलंबन का मिला संदेश


झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** महिलाओं एवं किशोरियों के समग्र विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , साहिबगंज के मार्गदर्शन में राजमहल प्रखंड अंतर्गत +2 उच्च विद्यालय मंगलहाट एवं पंचायत भवन, तीनपहाड़ में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के दौरान सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , बाल विवाह मुक्त भारत तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई ।उपस्थित अधिकारियों ने किशोरियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया। साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसके विरुद्ध सजग एवं जागरूक रहने का आह्वान किया गया ।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा संकट की स्थिति में सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से चिकित्सा सहायता, कानूनी परामर्श, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आश्रय तथा अन्य आवश्यक सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है ।मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया तथा उन्हें सुरक्षित एवं स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक नागरिक की भूमिका निभाने का संदेश भी दिया गया ।इस अवसर पर पूनम कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी , मो. खालिद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साहिबगंज, चंदा कुमारी, प्रोटेक्शन ऑफिसर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बालिका ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने किशोरियों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, शिक्षा को प्राथमिकता देने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया।

## राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र को लेकर युवक ने लगाया परेशान करने का आरोप



राजमहल/साहिबगंज ।ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र बनवाने पहुंचे एक युवक ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सादिक अंसारी पर अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि डॉक्टर ने पहले एचआईवी एवं हेपेटाइटिस-बी की जांच कराने को कहा। जांच रिपोर्ट लाने के बाद मेडिकल फिटनेस फॉर्म पर डॉक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबर लिखवाने के लिए उसे अस्पताल के विभिन्न कक्षों के चक्कर लगाने पड़े। बाद में एक स्थानीय जनप्रतिनिधि के हस्तक्षेप के बाद डॉक्टर ने फॉर्म पर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज कर दिया। मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि अस्पताल में दलालों के माध्यम से मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र आसानी से बन जाते हैं, जबकि सामान्य आवेदकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। साथ ही कुछ लोगों ने डॉक्टर के व्यवहार पर भी सवाल उठाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले को लेकर लोगों ने सिविल सर्जन से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा,ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरही (हजारीबाग) :** सोमवार देर रात अवैध शराब के खिलाफ बरही पुलिस द्वारा कर्रवाई करते हुए बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस द्वारा सोमवार देर रात को रसोइया धमना टाल प्लाजा के पास से एक ट्रक भरा अवैध अंग्रेजी शराब, बिना नंबर के एक क्रेटा छोटी कार तथा तीन लोगों को हिरासत में लिया इस सम्बंध में एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना के माध्यम से खबर मिली कि बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना के पास एक ट्रक में अवैध शराब लोड कर बिना नंबर के क्रेटा कंपनी का छोटी गाड़ी में कुछ लोग है अवैध शराब की तस्करी उद्देश्य से बिहार ले जाने की बात कर रहें है तुरंत कार्रवाई करनें पर उन्हें पकड़ा जा सकता है। पुलिस द्वारा सूचना के सत्यापन एवं छापामारी के लिए बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुअनि नितिश कुमार,बरही पुअनि रंजीत भगत तथा थाना के सशस्त्र बल के हवलदार एवं आरक्षी शामिल थे। प्राप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल रसोईया धमना के पास पहुंचा तो दूर से एक ट्रक एवं छोटी क्रेटा कार गाड़ी दिखाई दिया। पुलिस गाड़ी को देखकर ट्रक से उतरकर एक व्यक्ति झाड़ी की तरफ अंधेरा में भाग गया। वहीं छोटी गाड़ी क्रेटा में दो व्यक्ति तथा एक व्यक्ति ट्रक को चलाकर गया की ओर भागने लगे । पुलिस द्वारा पीछा करके रसोईयाधमना चेकपोस्ट के आगे रास्ता ब्लॉक करके रोका गया। दोनों गाड़ी रोकने के बाद ट्रक एवं छोटी गाड़ी के चालकों से भागने का कारण पूछने पर वे लोग बताये कि ट्रक में शराब लोड है इसी को बार्डर पार कराने के लिये स्थानीय तस्करों की मदद से बिहार भेजने की तैयारी की जा रही थी।इसी दौरान पुलिस गाड़ी आ गई तो पकड़े जाने के भय से भाग रहे थे।इस दौरान पुलिस ने तीन लोगों को अपने हिरासत में लिया जिसमें खिरोधर साव उर्फ गुलाब साव उम्र 32 वर्ष पिता बिशेश्वर साव,साकिन-छोटकी बरही,राकेश कुमार उम्र 27 वर्ष पिता दयाशंकर मिश्रा, साकिन गया रोड बरही, एवं सन्नी कुमार उम्र 28 वर्ष पिता स्व० बिनोद साव, साकिन पटना रोड बरही, सभी थाना-बरही, जिला-हजारीबाग शामिल है। छापामारी दल में शामिल सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से उक्त वाहन संख्या-एचपी 72डी-7889 का जाँच किया तो पाया कि वाहन में अवैध शराब लोड है। पुलिस ने हिरासत में लिए तीन व्यक्ति एवं ट्रक को बरही थाना लाया गया। अधिक रात्रि होने के कारण सड़क पर माल उतारकर जांच करना संभव नही था इसलिये शराब लोड ट्रक एवं छोटी बिना नंबर का क्रेटा वाहन एवं पकड़ाये उपरोक्त व्यक्तियों को लेकर थाना आया तथा पुलिस बल को निगरानी में पकड़ाये व्यक्तियों को तथा अवैध शराब लोड ट्रक को सुरक्षार्थ थाना परिसर में निगरानी में रखा गया। सुबह तक पुलिस द्वारा प्रतिक्षा किया गया कि कोई व्यक्ति पकड़ाया शराब पर अपना दावा करें तथा उसका वैध कागजात प्रस्तुत करें। परंतु सुबह तक कोई भी व्यक्ति थाना पर वैध कागजात के साथ उपस्थित नही हुए। तत्पश्चात सुबह उक्त ट्रक संख्या एचपी 72डी-7889 पर लोड अवैध शराब की जाँच करनें पर पाये कि ट्रक में मेगडोल कंपनी के 750 मिलि के 299 पेटी, 350 मिली के 592 पेटी तथा 180 मिली के 299 पेटी शराब बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार व्यक्तियों को आवश्यक कागजी कार्रवाई के न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## मिशन चौक स्थित प्रस्तावित श्री राम दरबार मंदिर परिसर में महाआरती का हुआ आयोजन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा:** मिशन चौक स्थित प्रस्तावित श्री राम दरबार मंदिर परिसर में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं प्रभु हनुमान की आराधना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया तथा महाआरती में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। आयोजन के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि मंदिर निर्माण के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि समाज में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिल सके।

## विश्व चिंपैंजी दिवस पर ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगा।** रियादा (भारत पेट्रोल पंप के पीछे), एकगुड़ी स्थित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा में विश्व चिंपैंजी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रार्थना सभा से हुई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिंपैंजी पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान और सामाजिक जीवों में से एक हैं। वे मनुष्यों के सबसे निकट संबंधी प्राणियों में गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज तेजी से हो रही जंगलों की कटाई, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा अवैध शिकार के कारण चिंपैंजी सहित अनेक वन्यजीवों का अस्तित्व संकट में है। यदि हम आज प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा के लिए जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियाँ इन जीवों को केवल पुस्तकों और चित्रों में ही देख पाएँगी।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोभा रानी साहू ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया।अंत में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे प्रकृति की रक्षा करेंगे, अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे, वन्यजीवों का सम्मान करेंगे, प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का प्रयास करेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए छोटे-छोटे सकारात्मक कदम उठाएँ, क्योंकि ₹प्रकृति सुरक्षित होगी, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

## पायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

उपायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जन समाधान दिवस के दौरान नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में पी०सी० गांगुली एंड संस आफिस सिंधीपाड़ा, पाकुड़ के विरुद्ध बकाया राशि का भुगतान नहीं करने से संबंधित, सोनातन सोरेन एवं अन्य के विरुद्ध सरकारी पोखर से खेती के लिये पानी लेने पर रोक लगाने से संबंधित एवं दिव्यांग जनों के पुनर्वास से संबंधित सहित अन्य जनहित से संबंधित विभिन्न मामले शामिल थे।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच करते हुए निर्धारित समय- सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।उन्होंने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच है। इस पहल के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं, जिससे उनके मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित होती है।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## रक्तदान कर बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख प्रद्युम्न पाठक ने दिया मानव सेवा का संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख प्रद्युम्न पाठक ने स्वेच्छा से एक यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। प्रद्युम्न पाठक ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किया गया एक यूनिट रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। सभी स्वस्थ युवाओं को समय-समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा के इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज सेवा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए। रक्तदान ऐसा महान कार्य है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर बजरंग दल लोहरदगा के जिला संयोजक पवन प्रजापति भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रद्युम्न पाठक के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायक कार्य समाज के युवाओं को मानव सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देते हैं।

## मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के लिए बीएलओ- बीएलए-2 बैठक आयोजित, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

**बीएलओ के साथ एएसडीडी सूची एवं सत्यापन कार्यों की हुई समीक्षा, प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल करने के दिए निर्देश**

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या-213, 409 एवं 410 का निरीक्षण कर चल रहे पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ-बीएलओ-2 बैठक एवं चुनाव पाठशाला में भाग लेकर बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ-2 बैठकों का उद्देश्य अब तक संपन्न पुनरीक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करना है। उन्होंने बताया कि अब तक प्राप्त गणना प्रपत्रों, डिजिटाइजेशन की प्रगति, सत्यापित एवं मैप किए गए मतदाताओं की संख्या, शेष अनमैप मतदाताओं की स्थिति तथा तैयार की गई एएसडीडी (ASDD) सूची को बीएलए-2 के साथ साझा कर उसकी बिंदुवार समीक्षा की जा रही है। यदि सूची में किसी प्रकार की शंका, त्रुटि अथवा आपत्ति हो तो उसे तत्काल दर्ज कर आवश्यक संशोधन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आगामी चरण के पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ संपन्न हो सकें। उपायुक्त ने बीएलओ को निर्देश दिया कि नए मतदाताओं का पंजीकरण, नाम संशोधन, विलोपन एवं अन्य सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना तथा सूची का पूर्णतः अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलए-2 एवं संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एईआरओ सह अंचलाधिकारी, पाकुड़ अरविन्द कुमार बेदिया, अतिरिक्त एईआरओ सह कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, बीएलए-2 एवं अन्य उपस्थित थे।

### नमस्ते डे पर सफाई कर्मियों का सम्मान, सुरक्षा किट वितरित, हेल्थ कैंप आयोजित

छतरपुर : केंद्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत मंगलवार को नगर पंचायत छतरपुर परिसर में ₹नमस्ते डे₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया तथा पात्र कर्मियों के आयुष्मान भारत (PM-JAY) कार्ड बनाए गए। नगर अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मी नगर पंचायत की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कर्मियों से कार्य के दौरान सुरक्षा किट का नियमित उपयोग करने की अपील की। डॉ. अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सफाई कर्मियों के बीच सुरक्षा जैकेट, ग्लव्स, मास्क एवं अन्य सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक मुतुर्जा अंसारी, वार्ड प्रतिनिधि शिव कुमार, पार्षद गुड्डू अंसारी, लेखापाल सूरज कुमार पासवान, कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार, एएनएम सविता कुमारी, एमपीडब्ल्यू राम प्रताप, पिंकू कुमार सहित सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ₹स्वच्छ शहर‰सम्मान हमारा₹ के संकल्प के साथ हुआ।

## बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक में शामिल हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार

**किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटे नहीं तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो: के. रवि कुमार**

**लोहरदगा:** झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत नगर परिषद क्षेत्र स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठकों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आयशा कच्छी उर्दू बालिका विद्यालय स्थित बूथ संख्या 272, 273 एवं 274, रहमत नगर स्थित एकता छात्रावास के बूथ संख्या 260 एवं 261 तथा ईमली चौक स्थित सामुदायिक भवन के बूथ संख्या 259 में आयोजित बैठकों में शामिल होकर एसआईआर कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ एवं विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामित बीएलए-2 से उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। मौके पर उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा तैयार की गई एएसडीडी सूची में शामिल मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है। इसके अतिरिक्त ऐसे व्यक्ति जिन्होंने विदेश की नागरिकता ग्रहण कर ली है अथवा भारत में निवास करने के बावजूद भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की है,उनका नाम भी शामिल नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में शामिल होने के लिए भारतीय नागरिकता संबंधी विधिक प्रावधानों का पालन आवश्यक है।बैठक में बीएलओ से बातचीत के क्रम में मुख्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बीएलओ एवं बीएलए-2 की अगली बैठक सभी बूथों पर 22 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक में बीएलए-2 र्शी सूची के संबंध में सुझाव/मंतव्य के साथ सूची उपलब्ध कराएंगे।5 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।उन्होंने बीएलए-2 से मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने, एसआईआर की महत्ता से अवगत कराने तथा किसी भी प्रकार की भ्रांतियों एवं अफवाहों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर बीएलए-2 प्रतिनिधियों ने भी जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।भ्रमण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ द्वारा एसआईआर कार्य, एएसडीडी सूची, मतदाता मैपिंग एवं अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने सभी बीएलओ से निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, पीडी आईटीडीए-सह-वरीय पदाधिकारी (निर्वाचन) सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, ईआरओ- सह-अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एईआरओ- सह-कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मुक्ति किड़ो, अंचल अधिकारी आर.एन. खलखो, संबंधित बीएलओ, बीएलए-2, वोलेंटियर्स तथा निर्वाचन कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## लोहरदगा के नितेश अग्रवाल को मिला प्रतिष्ठित 'टैली एमएसएमई चैंपियन फॉर कॉज' पुरस्कार

**लोहरदगा:** जिले के ईस्ट गोला रोड निवासी प्रकाश चंद्र अग्रवाल के पुत्र नितेश अग्रवाल को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित 'टैली एमएसएमई चैंपियन फॉर कॉज' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह सम्मान देशभर से चयनित केवल 32 व्यक्तियों को प्रदान किया गया। इनमें नितेश अग्रवाल का चयन होना न केवल लोहरदगा, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है।सम्मान प्राप्त करने के बाद नितेश अग्रवाल ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एमएसएमई क्षेत्र के विकास, उद्यमियों को सशक्त बनाने और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ एमएसएमई क्षेत्र की सेवा करते रहने के लिए प्रेरित करेगा।उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए अपने ग्राहकों, सहयोगियों, मित्रों, परिवारजनों और शुभचिंतकों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी के विश्वास, सहयोग और शुभकामनाओं के बिना यह सम्मान संभव नहीं था।नितेश अग्रवाल ने विश्वास जताया कि वह आगे भी समाज और एमएसएमई क्षेत्र के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे।उनकी इस उपलब्धि पर लोहरदगा के नागरिकों, व्यापारिक संगठनों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## लोहरदगा के नितेश अग्रवाल को मिला प्रतिष्ठित 'टैली एमएसएमई चैंपियन फॉर कॉज' पुरस्कार




**लोहरदगा:** जिले के ईस्ट गोला रोड निवासी प्रकाश चंद्र अग्रवाल के पुत्र नितेश अग्रवाल को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित 'टैली एमएसएमई चैंपियन फॉर कॉज' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह सम्मान देशभर से चयनित केवल 32 व्यक्तियों को प्रदान किया गया। इनमें नितेश अग्रवाल का चयन होना न केवल लोहरदगा, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है।सम्मान प्राप्त करने के बाद नितेश अग्रवाल ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एमएसएमई क्षेत्र के विकास, उद्यमियों को सशक्त बनाने और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ एमएसएमई क्षेत्र की सेवा करते रहने के लिए प्रेरित करेगा।उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए अपने ग्राहकों, सहयोगियों, मित्रों, परिवारजनों और शुभचिंतकों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी के विश्वास, सहयोग और शुभकामनाओं के बिना यह सम्मान संभव नहीं था। नितेश अग्रवाल ने विश्वास जताया कि वह आगे भी समाज और एमएसएमई क्षेत्र के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर लोहरदगा के नागरिकों, व्यापारिक संगठनों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## श्रावणी मेला ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे एमपीडब्ल्यू कर्मी



**लोहरदगा:** बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन पर उतर आए हैं। झारखंड कर्मचारी संघ के नेतृत्व में कर्मी 13 से 16 जुलाई तक काला रिबन (ब्लैक बैंड) लगाकर अपनी नियमित सेवाएं देते हुए शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करा रहे हैं। उनका कहना है कि मरीजों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित किए बिना सरकार तक अपनी मांग पहुंचाना उनका उद्देश्य है।एमपीडब्ल्यू कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है तो वे आगामी श्रावणी मेला ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे। कर्मियों की प्रमुख मांगों में पिछले 18 वर्षों से कार्यरत बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सृजित पदों पर स्थायी समायोजन, जेएसएससी द्वारा क्षेत्रीय एवं बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए जारी त्रुटिपूर्ण अधियाचना को रद्द करना तथा वर्ष 2016 से 2025 तक की श्रावणी मेला ड्यूटी का बकाया भुगतान शामिल है।आंदोलन के तहत 17 से 20 जुलाई तक मांगों से संबंधित संदेश लिखी तख्तियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 21 से 23 जुलाई तक नियमित कार्य करते हुए भूख हड़ताल की जाएगी। इसके बाद 24 और 25 जुलाई को सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा के समक्ष धरना-प्रदर्शन होगा। यदि इसके बावजूद मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो 27 जुलाई को रांची स्थित नेपाल हाउस में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव किया जाएगा।आंदोलन को स्वास्थ्य संघ का भी समर्थन प्राप्त है। आंदोलन में देवेंद्र गिरी, मंसूर अंसारी, अनुज सिन्हा, गंदूर उरांव सहित सभी एमपीडब्ल्यू कर्मी सक्रिय रूप से शामिल हैं। स्वास्थ्य संघ ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई को संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

# उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंडों की प्रगति की समीक्षा की, गुणवत्ता एवं समयबद्ध कार्यान्वयन पर दिया जोर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबागः** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में नीति आयोग एवं यूनाइटेड फंड से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आकांक्षी प्रखंडों में वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पशुपालन, पेयजल एवं स्वच्छता, भारतनेट कनेक्टिविटी तथा सड़क निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एनसीडी स्क्रीनिंग के आंकड़ों में वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आईसीडीएस के अंतर्गत टीएचआर से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, कम वजन वाले बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य स्वास्थ्य जांच समयबद्ध रूप से कराते हुए संबंधित आंकड़ों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया।शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने यू-डाइस से संबंधित आंकड़ों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित इंडिकेटर्स से जुड़े पदाधिकारियों को अगली समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।बैठक में आधारभूत संरचना के विकास के लिए उपलब्ध निधियों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने, अभियंताओं को सक्रिय भूमिका निभाने तथा हर घर नल योजना की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आकांक्षी प्रखंडों में गत वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने चौपारण प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोहरा सहित विभिन्न योजनाओं का बहुआयामी दृष्टिकोण से निरीक्षण करने के लिए एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो को निर्देशित किया।बैठक में पथ प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, आरईओ, जलपथ प्रमंडल, लघु सिंचाई विभाग, जिला परिषद तथा विशेष प्रमंडल सहित विभिन्न तकनीकी विभागों के अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि उनके द्वारा क्रियान्वित पीसीसी सड़क, बोरिंग, विद्यालय चहारदीवारी, किचन शेड तथा अन्य आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण कर प्रत्येक चरण में कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षी प्रखंडों के समग्र विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें तथा योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।बैठक में उपायुक्त श्री हेमन्त सती के अलावे उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, सदर एसडीओ श्री आदित्य पांडेय, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री पूर्वा अग्रवाल, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी सहित विभिन्न तकनीकी विभाग के अभियंता एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



## चाय दुकान से गैस सिलेंडर चोरी मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**पाकुड़ः** हिरणपुर थाना क्षेत्र के तोड़ाई गांव स्थित एक चाय दुकान से गैस सिलेंडर चोरी मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी किया गया गैस सिलेंडर भी बरामद कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 13 जुलाई 2026 को तोड़ाई निवासी धनंजय कुमार दास ने सूचना दी थी कि उनकी चाय दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर गैस सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए हैं। मामले में हिरणपुर थाना कांड संख्या-50/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की।जांच के दौरान पुलिस ने बाबुधन मुर्मू उर्फ बाबू मुर्मू, निवासी बेलडीहा, थाना हिरणपुर, को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया एचपी कंपनी का एक लाल रंग का गैस सिलेंडर बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बरामद सामानः एचपी कंपनी का लाल रंग का एक गैस सिलेंडर।


छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारीः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़,थाना प्रभारी विनय कुमार, हिरणपुर थाना,सअनि रविंद्र सिंह,आरक्षी सुबोध रजक,आरक्षी अमरनाथ यादव।

## झारखंड की बेटियों के लिए सुनहरा अवसर, जेसीईसीईबी एएनएम 2026 की तैयारी हेतु मिलेगा नि:शुल्क आवासीय कोचिंग

**धनबाद**।झारखंड की छात्राओं के लिए नर्सिंग क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर सामने आया है। झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित प्रजा फाऊंडेशन ने जे सी ए सी ए बी एएनएम 2026* प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बेहतर रोजगार के अवसर दिलाना है।फाउंडेशन के अनुसार, यह कोचिंग राज्य के चयनित नर्सिंग कौशल कॉलेजों में संचालित की जाएगी। छात्राओं को न केवल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी, बल्कि आवास, अध्ययन सामग्री एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए स्वास्थ्य सेवा संस्थानों एवं कॉर्पोरेट अस्पतालों के साथ समझौता भी किया गया है, ताकि सफल छात्राओं को आगे रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।इस योजना का लाभ झारखंड की स्थायी निवासी, 12वीं (कला, विज्ञान या वाणिज्य) उत्तीर्ण छात्राएं उठा सकती हैं। विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति , अनुसूचित जाति , पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राएं आवेदन करने के लिए पात्र हैं।फाउंडेशन ने इच्छुक छात्राओं से 18 जुलाई 2026 तक पंजीकरण कराने की अपील की है। छात्राएं अपने निकटतम *नर्सिंग कौशल कॉलेज में रिपोर्ट कर सकती हैं या Ôpp.prejha.org के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।अधिक जानकारी के लिए छात्राएं 9153963547 एवं 6204800180 पर संपर्क कर सकती हैं।यह पहल ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं को नर्सिंग क्षेत्र में करियर बनाने का मजबूत अवसर प्रदान करेगी तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## दो किस्तों में खाते से ?9,900 की ठगी, पीड़िता ने अमड़ापाड़ा थाना में की शिकायत

**अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**अमड़ापाड़ाः** थाना क्षेत्र के आलूबेड़ा गांव की निवासी संजली मरांडी के बैंक खाते से दो किस्तों में कुल ?9,900 की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने अमड़ापाड़ा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि वह अपने बैंक खाते (संख्या 37031691066) से राशि निकालने के लिए एक सीएसपी केंद्र गई थीं। वहां संचालक ने उन्हें बताया कि उनके खाते में पैसे उपलब्ध नहीं हैं। इसके बाद संजली मरांडी बैंक शाखा पहुंचीं और खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट की जांच करने पर पता चला कि उनके खाते से दो अलग-अलग किस्तों में कुल ?9,900 की निकासी हो चुकी है, जबकि उन्होंने यह राशि स्वयं नहीं निकाली थी।घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने अमड़ापाड़ा थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

## सफाई मित्रों की सुरक्षा व सम्मान के लिए धनबाद नगर निगम ने मनाया नमस्ते दिवस

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी/ धनबाद।** धनबाद नगर निगम द्वारा बाबुडीह विवाह भवन में *नमस्ते( मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना)* योजना के तहत सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर, सुरक्षा प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच, सुरक्षा प्रशिक्षण, पीपीई किट वितरण तथा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नमस्ते दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी कराया गया।इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित कर रहा है। सफाई मित्रों के योगदान को देखते हुए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नमस्ते योजना का उद्देश्य सफाई कर्मियों को कार्य के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखना, मानव को मल के सीधे संपर्क में आने से रोकना तथा आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण के माध्यम से श्रमिकों को कुशल बनाना है। साथ ही स्वच्छता उद्यमिता को बढ़ावा देकर समूह आधारित रोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि *सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय* तथा *आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय* द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इस योजना का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना और समाज में उन्हें सम्मानजनक पहचान दिलाना है। नगर निगम द्वारा यांत्रिक उपकरणों के माध्यम से सफाई व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे जोखिमपूर्ण कार्यों में कमी आए और नागरिकों के बीच स्वच्छता कर्मियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो।कार्यक्रम में *धनबाद नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, गार्डेन अधीक्षक, फूड इंस्पेक्टर, स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक* सहित बड़ी संख्या में *सफाई मित्र* उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी स्वच्छता कर्मियों से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आधुनिक एवं सुरक्षित सफाई व्यवस्था को अपनाने का आह्वान किया।

## एनएमएल-एनटीपीसी के खिलाफ आज से अनिश्चितकालीन धरना, बड़कागांव विधायक होंगे शामिल

**केरेडारी:**प्रखंड के पेटो पंचायत में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विस्थापित प्रभावित किसान मजदूर संघ के बैनर तले बुधवार 15 जुलाई से 2.2 रोड पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू की जायेगी। आंदोलनकारियों के सुबह 8 बजे तक धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की गई है। कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संघ की ओर से जारी सूचना में पेटो पंचायत के सभी 12 वार्डों के ग्रामीणों, महिलाओं, बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई है। संघ का आरोप है कि एनएमएल एवं एनटीपीसी द्वारा लंबे समय से पंचायतवासियों को मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वासन दिया गया, जबकि अपेक्षित विकास कार्य नहीं किए गए। इसी को लेकर आठ सूत्री मांगों के समर्थन में पंचायतवासी अनिश्चितकालीन धरना देंगे। संघ के अध्यक्ष प्रीतम साहू ने सभी वार्डों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र से अधिकतम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। संघ का कहना है कि धरना की सफलता के बाद सार्वजनिक बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। साथ ही पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, विद्यालय और प्रदूषण प्रभावित परिवारों को मिलने वाले लाभ सहित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक निर्णय लिया जाएगा।

## उपायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जन समाधान दिवस के दौरान नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में पी॰सी॰ गांगुली एंड संस आफिस सिंधीपाड़ा, पाकुड़ के विरुद्ध बकाया राशि का भुगतान नहीं करने से संबंधित, सोनातन सोरेन एवं अन्य के विरुद्ध सरकारी पोखर से खेती के लिये पानी लेने पर रोक लगाने से संबंधित एवं दिव्यांग जनों के पुनर्वास से संबंधित सहित अन्य जनहित से संबंधित विभिन्न मामले शामिल थे।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच करते हुए निर्धारित समय- सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।उन्होंने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच है। इस पहल के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं, जिससे उनके मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित होती है।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## प्रदर्शन की भेंट चढ़ा कोयला परिवहन, टंडवा-सिमरिया मार्ग पर 3 दिन से लंबा जाम, सैकड़ों ट्रक चालक फंसे



**टंडवा/हजारीबागः** झारखंड के टंडवा-सिमरिया मार्ग पर चल रहे प्रदर्शन के कारण कोयला परिवहन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। 10 जुलाई से आंशिक रूप से शुरू हुआ सड़क जाम अब 11 जुलाई से पूर्ण बंदी में बदल गया है, जिससे ऊर्जा संयंत्रों तक कोयले की आपूर्ति ठप पड़ गई है।

**कई किलोमीटर लंबी कतारें**

डाड़ी नो-एंट्री प्वाइंट से लेकर खधैया तक टंडवा-सिमरिया मार्ग पर भारी वाहनों की लंबी कतार लगी है। इसके अलावा सिमरिया-हजारीबाग मार्ग और सिमरिया-बगरा मार्ग पर भी ट्रकों की कई किलोमीटर लंबी लाइनें देखी जा रही हैं। सैकड़ों कोयला लदे ट्रक पिछले 3 दिनों से फंसे हुए हैं। इससे राज्य के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों तक कोयले की आपूर्ति बाधित हो रही है।

**चालकों का बुरा हाल**

सबसे ज्यादा परेशानी ट्रक चालकों को झेलनी पड़ रही है। सुरक्षा कारणों से वे अपने वाहन छोड़ नहीं पा रहे और 10 जुलाई से ही ट्रकों में रहने को मजबूर हैं। जाम में फंसे चालकों के सामने भोजन, पेयजल और शौच जैसी बुनियादी सुविधाओं का भारी संकट खड़ा हो गया है।

**आमजन भी परेशान**

जाम का असर आम नागरिकों पर भी पड़ा है। छात्र, मरीज, नौकरीपेशा और व्यापारी घंटों जाम में फंस रहे हैं। इससे दैनिक जीवन और जरूरी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों और अस्पताल जाने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था कर जाम खुलवाने और चालकों को राहत पहुंचाने की मांग की है।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन, विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल से किया गया सम्मानित

**हजारीबागः** जिला प्रशासन, हजारीबाग एवं जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2026 का मंगलवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। 12 जुलाई से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल प्रतिभा का परिचय दिया।समापन समारोह में उपायुक्त श्री हेमंत सती, जिला खेल पदाधिकारी श्री कैलाश राम तथा हजारीबाग बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री यशबीर जग्गी ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5,000, द्वितीय पुरस्कार 2,500 तथा तृतीय पुरस्कार 1,500 के साथ ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए।इस अवसर पर उपायुक्त श्री हेमंत सती ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएँ एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि जिले की प्रतिभाएँ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकें।प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक एवं बालिका एकल और युगल, तथा ओपन पुरुष एवं महिला एकल एवं युगल वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, खेल भावना एवं उत्कृष्ट तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहेअंडर-19 बालक एकलः प्रथमझ आद्दत मलिक, द्वितीयझ आरव अनिनन पाण्डेय, तृतीयझ रूपम राय गुप्ता।अंडर-19 बालक युगलः प्रथमझ आद्दत मलिक एवं आरव पाण्डेय, द्वितीयझ सुजीत सिन्हा एवं उत्तम पासवान, तृतीयझ कुसाग्र एवं सत्य कुमार।अंडर-19 बालिका एकलः प्रथमझ आराध्या तिवारी, द्वितीयझ अवनी खंडेलवाल, तृतीयझ मानवी श्रीवास्तव।अंडर-19 बालिका युगलः प्रथमझ अनन्या गिरिराज एवं आराध्या तिवारी, द्वितीयझ अवनी खंडेलवाल एवं दिलकशा कुमारी, तृतीयझ श्रेस्ती सिन्हा एवं दर्शना तिवारी।ओपन पुरुष एकलः प्रथमझ नील, द्वितीयझ निहाल, तृतीयझ पृथ्वी चंद्र सूर्य।ओपन महिला एकलः प्रथमझ रूपांशु कुमारी, द्वितीयझ निष्ठा राणा, तृतीयझ हॉली साक्षी रोवा।ओपन महिला युगलः प्रथमझ रूपांशु कुमारी एवं सुजाता कुमारी, द्वितीयझ आशवी सिंह एवं अपराजिता, तृतीयझ निष्ठा राणा एवं हॉली साक्षी रोवा।कार्यक्रम के अंत में जिला खेल पदाधिकारी श्री कैलाश राम ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले हजारीबाग बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री यशबीर जग्गी, सभी निर्णायकों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करती हैं।

# ऐतिहासिक सिलवार रथयात्रा मेले की तैयारियां अंतिम चरण में, इस बार एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद

**झारखंड जागरण संवाददाता**

**रथयात्रा में शामिल होकर रथ को स्पर्श करने मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण : मुख्य पुजारी**

**सिलवार जगन्नाथ धाम को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए: संरक्षक**

**इस ऐतिहासिक आयोजन को भगवान जगन्नाथ महोत्सव के रूप में राजकीय स्तर पर मनाने की पहल की जाए: संरक्षक**



**हजारीबाग।** सदर प्रखंड अंतर्गत सिलवार स्थित ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ धाम में इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा एवं मेला भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने मंगलवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजित रथयात्रा मेले में हजारीबाग सहित विभिन्न जिलों से लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जगन्नाथ धाम समिति के संरक्षक महेंद्र राम प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष के रथयात्रा महोत्सव में झारखंड सरकार के पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित कई वरीय प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे।उन्होंने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का यह ऐतिहासिक रथयात्रा मेला धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष चलंत शौचालय, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, मेडिकल कैंप, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने झारखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि सिलवार जगन्नाथ धाम को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए तथा इस ऐतिहासिक आयोजन को ₹भगवान जगन्नाथ महोत्सव₹ के रूप में राजकीय स्तर पर मनाने की पहल की जाए।भगवान जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी विशेश्वर पांडे ने बताया कि 16 जुलाई को प्रातः 5:00 बजे आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे तथा शाम 7:00 बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा मंदिर परिसर से केसुरा स्थित कैलाश पर्वत (मौसी बाड़ी) के लिए प्रस्थान करेगी। वहां भगवान एक सप्ताह तक विश्राम करेंगे तथा 24 जुलाई को पुनः सिलवार पहाड़ी स्थित मंदिर में विधिवत विराजमान होंगे।मुख्य पुजारी ने कहा कि रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के रथ को स्पर्श करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसी आस्था के कारण प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस ऐतिहासिक रथयात्रा में भाग लेते हैं। उन्होंने भी राज्य सरकार से सिलवार स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग दोहराई।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का हिस्सा बन सकें।

# प्रधानमंत्री मोदी को मिले पुरस्कारों पर गार्जियन की हताशा



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय नौसेना ने हालिया समुद्री सुरक्षा अभियानों (मुख्य रूप से अरब सागर और अदन की खाड़ी) में 520 से अधिक लोगों की जान बचाई है और ईरान, लाइबेरिया, माल्टा, और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स जैसे विभिन्न देशों के झंडे वाले जहाजों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित मुक्त कराया है। दा गार्जियन अखबार ने मोदी और भारत की छवि धूमिल करने के लिए एक अंग्रेजी मे एक लेख लिखा। जिसका सारांश यह है कि मोदी को जो भी पुरस्कार देने के लिए बुलाए तो प्रधानमंत्री मोदी दौड़े दौड़े चले जाते हैं। मतलब यह अखबार कहना चाह रहा कि मोदी पुरस्कार के भूखे हैं, साथ ही यह भी जताने की कोशिश कर रहा है, जिन देशों ने मोदी को उनकी विदेश यात्रा के दौरान पुरस्कार दिए, उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को इन देशों ने फिजूल में पुरस्कार दिए हैं। गार्जियन ने यह लेख लिख कर मोदी सहित भारत का तो अपमान किया ही है, साथ मोदी को पुरस्कार देने वाले उन देशों के नागरिकों, पुरस्कारों और उन देशों के राष्ट्रप्रमुखों का भी अपमान किया है।

इस लेख की भड़ास के बावजूद पीएम मोदी को पुरस्कारों का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान ह्वबिंतांग आदिपुर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशियाह्व मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीएम मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रदान किया। वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका के देशों से ऐसे 34 सम्मान मिल चुके हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री को मिले सम्मानों में सबसे अधिक हैं। इनमें से कुछ सम्मान सदियों पुराने हैं, जबकि कुछ सम्मान संबंधित देशों की सम्मान प्रणाली में हाल ही में शामिल किए गए हैं।

गार्जियन का यह लेख में भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का कुत्सित प्रयास है। विश्व का बड़ा और प्रभावशाली शायद ही कोई देश बचा होगा जिसके प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति ने मोदी और भारत की तारीफ नहीं की होगी। दरअसल यह तारीफ पाश्चात्य मीडिया पचा नहीं पा रहा है, पचा इसलिए भी नहीं पा रहा है कि भारत न सिर्फ घरेलू स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तरक्की के झंडे गाड़ रहा है। चंद्रयान और मंगलयान मिशन की कामयाबी इसके बड़े उदाहरण हैं। जो विकसित देश भी हासिल नहीं कर सके। यह अखबार यह भी भूल गया कि जब कोरोना काल में पूरी दुनियां में हाहाकार मचा हुआ था, तब भारत ने ही कोरोना वैक्सीन दर्जनों देशों को निशुल्क भेज कर करोड़ों लोगों की जाने बचाने का काम किया था। क्या ऐसे परोपकारी कार्यों के लिए उन्हें विदेशी पुरस्कार नहीं दिया जा सकता।



गार्जियन ने इसका जिक्र कभी नही किया कि विश्व को मोदी नेतृत्व में भारत ने क्या–क्या दिया है। भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसी सस्ती और सुलभ डिजिटल पेमेंट प्रणाली नेपाल, भूटान, सिंगापुर, यूएई और मॉरीशस ने अपना लिया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की प्राचीन धरोहर योग को मोदी सरकार के प्रयासों से वैश्विक मान्यता मिली?संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मोदी सरकार के प्रयासों से ही अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाया गया।

भारत ने प्राकृतिक आपदा के दौरान विश्व के देशों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहा है। तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप के दौरान'मिशन सागर'और'ऑपरेशन दोस्त'के जरिए विश्व स्तर पर मानवीय सहायता पहुंचाई गई। वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप के बाद ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत बचाव दल और पोर्टेबल अस्पताल भेजे गए। म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा (2025) और ऑपरेशन सहायता (2008) के तहत भूकंप व चक्रवात के दौरान भारी राहत सामग्री व चिकित्सा सुविधाएँ दी गईं। श्रीलंका में सुनामी (2004) में ऑपरेशन रेनबो और चक्रवात (2025) में ऑपरेशन सागर बंधु के माध्यम से सहायता प्रदान की गई।

भारतीय नौसेना ने हालिया समुद्री सुरक्षा अभियानों (मुख्य रूप से अरब सागर और अदन की खाड़ी) में 520 से अधिक लोगों की जान बचाई है और ईरान, लाइबेरिया, माल्टा, और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स जैसे विभिन्न देशों के झंडे वाले जहाजों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित मुक्त कराया है। इन अभियानों की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि नौसेना ने बिना किसी राष्ट्रीय भेदभाव के, पाकिस्तानी और ईरानी नागरिकों सहित कई देशों के नाविकों को भी बचाया है। गार्जियन खासकर विदेशी मीडिया को कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन पर भारी परेशानी है। भारत में उन्हें यह उल्लंघन नजर आता है। अंग्रेजों ने भारत पर 200 साल राज किया। अंग्रेज शासकों ने इस अवधि में भारतीयों पर अत्याचारों के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। अंग्रेज व्यापारी बन कर आए और तानाशाह बन बैठे, खूब लूट खसौट की और भारत से सारा मालमत्ता समेट कर चंपत हो गए। आज भी कोहिनूर का हीरा इन्हीं अंग्रेजों के पास है, जो यह बताता है कि किस तरह इन्होंने भारत में लूटपाट मचाई थी। ऐसे मानवाधिकारों के उल्लंघन गार्जियन जैसे अखबारों को दिखाई नहीं देते। मानवाधिकारों के इन विदेशी पैरोकारों को जलियांवाला बाग दिखाई नहीं देता, जहां निहत्थे प्रदर्शनकारियों को चारों तरफ से घेर कर एक अंग्रेज अधिकारी डायर ने गोलियों से भून डाला था।

गार्जियन को यह कभी दिखाई नहीं दिया कि किस तरह केंद्र सरकार ने मुसलमानों की भलाई का एक ऐतिहासिक काम किया, जिसे करने से पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री डरते रहे। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तलाक के बाद मिलने वाला कानून हक दिलवाया है। जिन्हें पहले पति तीन बार तलाक तलाक बोल कर धक्के खाने के लिए छोड़ दिया जाता था।कांग्रेस ने मुसलमानों के वोट के डर से सुप्रीम कोर्ट के शाह बानों के फैसले को ही पलट दिया था, जिसमें कोर्ट ने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, इसके खिलाफ तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कानून बना दिया था।

विदेशी अखबारों को तकलीफ हो रही है कि मोदी राज में कैसे मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, जब भारत ने ऐसे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया तब खीझ उतारने के लिए, कह दिया कि मोदी पुरस्कार के लिए दौड़े चले आते हैं। जिला स्तर, वार्ड स्तर, राज्यस्तर या राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी और निजी क्षेत्र में पुरस्कार के लिए कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं, इन्हें पाने के लिए लोग अपनी पूरी उम्र खपा देते हैं। उसमें भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती है, तब कहीं जाकर किसी एक का चयन किया जाता है। ऐसे में देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिये जाने वाले पुरस्कार का मापदंड कितने कठोर होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी. आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा. मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें. आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा. कृतज्ञता जीवन की सुगंध को फैलाती है और अहसान-फरामोशी इसे तार-तार कर देती है. हर रोज प्रेम में पड़ने की अपनी आदत को बदलिए.

**वृषभ राशि :-** अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसस कर रहें हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे. बिना किसी की सलाह लिये बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए. आपकी दिलचस्प रचनात्मकता आज घर के वातावरण को सुखद बनाएगी. अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें. अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें.

**मिथुन राशि :-** अगर मुमकिन हो तो लम्बे सफर पर जाने से बचें, क्योंकि लम्बी यात्राओं के लिए अभी आप कमजोर हैं और उनसे आपकी कमजोरी और बढ़ेगी. ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं- लेकिन आज अपने खर्चों को बहुत ज्यादा बढ़ाने से बचें. प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी. आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है. आज आपका दुःख बर्फ की तरह पिघल जाएगा.

**कर्क राशि :-** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है. वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें. घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें. प्रेम निःसीम होता है, सभी सीमाओं के परे; आपने ये बातें पहले भी सुनी होंगी. लेकिन आज वह दिन है जब आप अगर चाहें तो यह खुद महसूस कर सकते हैं.

**सिंह राशि :-** आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा. आपको अपने अटके कामों को पूरा करने में इसका इस्तेमाल करना चाहिए. इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं. उन लोगों के साथ कुछ समय बिताएँ, जो आपको चाहते हैं और आपका खयाल रखते हैं. आज अपने खूबसूरत कामों को दिखाने के लिए आपका प्रेम पूरी तरह खिलेगा. आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भाँति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ.

**कन्या राशि :-** खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएँ. मानसिक शांति के लिए आपकी खाली बैठने की आदत खतरनाक साबित हो सकती है. धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है. वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए अच्छा समय है. आज आप महसूस करेंगे कि प्यार दुनिया में हर मर्ज.की दवा है. अगर आप व्यवसाय में किसी नये भागीदार को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, तो यह जरूरी होगा कि उससे कोई भी वादा करने से पहले आप सभी तथ्य अच्छी तरह जाँच लें.

**तुला राशि :-** धार्मिक भावनाओं के चलते आप किसी तीर्थस्थल की यात्रा करेंगे और किसी संत से कुछ दैवीय ज्ञान प्राप्त करेंगे. धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है. घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें. रोमांस के लिए बढ़ाए गए कदम असर नहीं दिखाएंगे. यह दूसरे देशों में व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है. यात्रा करना फायदेमंद लेकिन महंगा साबित होगा.

**वृश्चिक राशि :-** चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें. साथ ही सही तरीके से कमर सीधी करके बैठना न केवल व्यक्तित्वमें सुधार लाता है, बल्कि सेहत और आत्म-विश्वास के स्तर को भी ऊपर ले जाता है. जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है. जिसके साथ आप रहते हैं, उससे वाद-विवाद करने से बचें. यदि कोई समस्या है, तो उसे शान्ति से बातचीत करके सुलझाएँ.

**धनु राशि :-** क्षणिक आवेग में बहकर कोई निर्णय न करें. यह आपके बच्चों के हितों को हानि पहुँचा सकता है. दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा. बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे- आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए. ताजा फूल की तरह अपने प्यार में भी ताजगी बनाए रखें. ऐसा लगता है कि कुछ समय के लिए आप नितांत एकाकी है.

**मकर राशि :-** सेहत से जुड़ी परेशानियाँ असहजता का कारण बन सकती हैं. आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं. ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ, जो सकारात्मक और मददगार स्वभाव के हैं. मुहब्बत के मोर्चे पर आज आपकी तूती बोलेगी, क्योंकि आपका महबूब आपकी रसिक कल्पनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए तैयार है. यह दूसरे देशों में व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है.

**कुम्भ राशि :-** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए. बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है. बच्चों की उनसे जुड़े मामलों में मदद करना आवश्यक है. अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें. कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी. आपको अपने घर के छोटे सदस्यों के साथ वक्त बिताना सीखना चाहिए. अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप घर में सद्भाव बना पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे.

**मीन राशि :-** बचपन की यादें आपके मन पर छायी रहेंगी. लेकिन इस काम में आप खुद को मानसिक तनाव दे सकते हैं. आपके तनाव और परेशानी की एक बड़ी वजह बचपन की मासूमियत को जीने की चाह है, इसलिए खुलकर जिएँ. जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है. मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें. आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा.

# अमेरिका-ईरान टकराव और विश्व शांति की नई चुनौती

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है।

इस संघर्ष का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसमें निर्दोष नागरिकों, नाविकों और आम जनजीवन को सबसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। हाल के घटनाक्रम में भारतीय नाविकों के प्रभावित होने और भारत के सहयोग से विकसित रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह परियोजना को नुकसान पहुंचने से यह स्पष्ट हो गया है कि युद्ध किसी एक देश तक सीमित नहीं रहता। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक विश्वास-तीनों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अमेरिका स्वयं को लोकतंत्र और विश्व व्यवस्था का संरक्षक बताता है, लेकिन उसकी विदेश नीति लंबे समय से प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और शक्ति प्रदर्शन पर आधारित रही है। किसी भी राष्ट्र को झुकाने के लिए आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य हमले और राजनीतिक दबाव स्थायी समाधान नहीं हो सकते। महाशक्ति होने का अर्थ केवल सैन्य सामर्थ्य नहीं, बल्कि संयम, दूरदृष्टि और विश्व समुदाय के प्रति नैतिक उत्तरदायित्व भी है। यदि शक्ति विवेक से संचालित न हो तो वही शक्ति विनाश का कारण बन जाती है।

दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के



लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे। भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है। एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं। महाशक्तियों के नेताओं के प्रत्येक वक्तव्य का प्रभाव केवल उनके देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा बाजार और करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए नेतृत्व में धैर्य, स्थिरता और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरूआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती? यही प्रश्न आज पूरी मानवता के सामने खड़ा है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर और महात्मा गांधी की भूमि ने यह सिखाया कि वास्तविक विजय शत्रु को पराजित करने में नहीं, बल्कि शत्रुता को समाप्त करने में है। भारत की विदेश नीति भी ह्वसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल और ह्वविश्वबंधुत्वह्ल के आदर्शों पर आधारित रही है। भारत ने हमेशा संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही कारण है कि भारत आज विश्वसनीय मध्यस्थ, संतुलित शक्ति और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में सम्मान प्राप्त कर रहा है। वर्तमान संकट में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। भारत के अमेरिका, ईरान और खाड़ी देशों के साथ संतुलित संबंध हैं।

# नियंत्रण की सत्ता

सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद इमरान खान और उनकी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ को कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लाहौर हाई कोर्ट से फिलहाल गिरफ्तारी से राहत भले मिल गई हो, लेकिन वहां के राजनीतिक हलके में जिस तरह दांवपेच का खेल चल रहा है, उसमें सत्ता कब कौन-सा रुख अख्तियार करेगी, कहना मुश्किल है। गौरतलब है कि सत्ता से बाहर होने के बाद से इमरान खान ने मौजूदा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है और इस क्रम में अलग-अलग मंचों से सवाल उठाते हुए धरना-प्रदर्शनों के जरिए चुनौती पेश की है। इसी दौरान एक बार उन पर जानलेवा हमला भी हुआ। दूसरी ओर, सरकार की ओर से वे तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जिसके जरिए इमरान खान को बाधित किया जा सके। इस बीच सरकार का जैसा रवैया सामने आ रहा है, उसमें ऐसे आरोप लगाए जाने लगे हैं कि पाकिस्तान में सेना का हाथ जिस पार्टी के सिर पर होता है, वहां की सरकार उसी मुताबिक काम करती है। यही वजह है कि सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद इमरान खान और उनकी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ को कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, पाकिस्तान में चुनाव कार्यालयों के बाहर हुए प्रदर्शनों के हिंसक रूप अख्तियार कर लेने के मामले में इमरान खान की गिरफ्तारी लगभग तय मानी जा रही थी। मगर उन्हें राहत इस बात से मिली कि लाहौर हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया और फिलहाल उन्हें सुरक्षात्मक जमानत दे दी है। हालांकि तोशखाना मामले से संबंधित शिकायत अदालत में कैसा मोड़ लेगी, कहा नहीं जा सकता। सही है कि इमरान खान के सरकार में रहते हुए भी पाकिस्तान की आर्थिक हालत कोई बेहतर स्थिति में नहीं थी। मगर उनके सत्ता छोड़ने के बाद महंगाई समेत तमाम आर्थिक मोर्चों पर जो दुर्दशा देखी जा रही है, उससे वहां आम लोगों को बेहद मुश्किल हालात का सामना करना पड़ रहा है। एक तरह से इमरान खान के लिए यह अनुकूल मौका है कि वे सरकार को कठघरे में खड़ा करें और प्रतिरोध को अवाम के बीच ले जाएं। उन्हें और उनकी पार्टी को इस मामले में काफी हद तक कामयाबी मिली भी है। पाकिस्तान सरकार के लिए यही चिंता की बात है। मगर इसके समांतर पाकिस्तान का एक सच यह भी है कि वहां सरकार बनाने से लेकर गिराने तक में सेना का दखल रहता है। इस बार भी इमरान खान की सरकार गिरने और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में सरकार बनने में पाकिस्तानी फौज की भूमिका अहम मानी जा रही है। दरअसल, पाकिस्तान में जिस पार्टी को सेना का वरदहस्त प्राप्त होता है, सत्ता उसके अनुकूल ही काम करती है। पिछले साल इमरान खान की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के वक्त भी बदहाल अर्थव्यवस्था और लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए सेना ने पाकिस्तान में मिली-जुली सरकार बनाने की कोशिश की थी। मगर इमरान खान इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि करीब एक महीने पहले इमरान खान ने खुलेआम पाकिस्तान की सत्ता में सेना के दखल का जिक्र किया और अपनी सरकार गिराने में पूर्व सैन्य प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी।

# बुजुर्गों का दुख, हर समाज में अपनों के हाथों उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं उम्रदराज लोग

कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। आमतौर पर लगभग सभी समाजों में बुजुर्गों के जीवन को आसान बनाने और उनका खयाल रखने के लिए सरकारों को विशेष योजनाएं बनानी पड़ती हैं, परिवारों में अलग से उपाय किए जाते हैं। लेकिन यह भी सच है कि वृद्धावस्था में पहुंचे बहुत सारे लोगों को कई बार अपनों के हाथों भी उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उस स्थिति का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसमें बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझते बुजुर्ग स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार हो जाएं। सामान्य वृद्धावस्था को भी बोझ की तरह देखने वाले परिवार इस समस्या से घिर जाने वाले अपने ही बुजुर्ग सदस्य के प्रति अक्सर पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं बरत पाते। जबकि परिवार या व्यक्ति का सकारात्मक और संवेदनशील रवैया स्मृतिलोप की मुश्किल से घिरे किसी वृद्ध व्यक्ति के भीतर जीवन का संचार कर दे सकता है। मगर व्यवहार के स्तर पर संवेदनशीलता या फिर प्रशिक्षण के अभाव की व्यापक सामाजिक समस्या की वजह से बुजुर्गों का जीवन अपने आखिरी दौर में और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सहित दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए एक शोध में यह बताया गया है कि आने वाले वक्त में भारत में साठ साल या उससे ज्यादा के एक करोड़ से भी अधिक लोगों के डिमेंशिया यानी स्मृतिलोप की चपेट में आने की आशंका है। जर्मन नेचर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी कलेक्शन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक सन 2050 तक भारत की कुल आबादी में साठ साल से ज्यादा उम्र वालों की तादाद करीब उन्नीस फीसद होगी।

अगर एक करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग स्मृतिलोप जैसी समस्या के शिकार हो जाएं, तो व्यापक पैमाने पर उनका सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन किस तरह की त्रासदी का शिकार होगा, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। हालांकि भारत में पहली बार हुए इस तरह के अध्ययन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का का इस्तेमाल किया गया। यों आधुनिक तकनीकी की क्षमता में लगातार बढ़ोतरी के दौर में कृत्रिम मेधा या बुद्धिमत्ता के आकलन को विश्वसनीय माना जाता है, मगर यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि क्या इसके जरिए मनुष्य के विवेक और बौद्धिकता के मुकाबले ज्यादा विश्लेषणपरक नतीजे हासिल किए जा सकते हैं! दरअसल, स्मृतिलोप से ग्रस्त बुजुर्गों के भीतर किसी चीज या बात के बारे में भूलने की समस्या पैदा हो जाती है। इससे गंभीर रूप से परेशान वृद्ध के लिए सामने खड़े व्यक्ति को पहचान पाना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों में बुजुर्गों के प्रति पर्याप्त सम्मान, प्यार और संवेदनशीलता बरत पाने वाले लोग होते हैं, उनमें ज्यादा उम्र की अशक्तता के बावजूद किसी वृद्ध व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। फिर यह पारंपरिक धारणा भी समस्या बनती है कि बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति को ज्यादा आराम करना चाहिए। निश्चित रूप से शरीर की सीमा और क्षमता का ध्यान रखना एक अनिवार्य पहलू है। लेकिन सच यह है कि समस्या के स्त्रोतों की पहचान, बेहतर खानपान के साथ-साथ शरीर और मन-मस्तिष्क की सक्रियता या व्यायाम आदि के सहारे स्वस्थ रहना संभव है और यह बढ़ती उम्र के लोगों के भी उतना ही जरूरी है।



# वाहन मालिकों के लिए बिहार सरकार का बड़ा फरमान, घर से बाहर गाड़ी निकालने से पहले जान लें टोल टैक्स नियम

एजेंसी

**पटना:** सम्राट चौधरी की सरकार ने पिछले कैबिनेट में ही स्टेट हाईवे और पुलों पर टोल टैक्स लगाने की स्वीकृति दी थी. अब इसको लेकर राज्य में बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियामावली 2026 की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है. इसके साथ ही टोल टैक्स नीति बिहार में लागू हो गई है. 16 पेज का टोल टैक्स नीति लागू किया गया है. टोल टैक्स के लिए प्रमुख पथों और पुलों के चयन पर काम शुरू हो गया है.

**टोल टैक्स नीति लागू :** चार लेन से कम और दो लाइन से अधिक स्टेट हाईवे प्रत्यय राशि का 60% टोल टैक्स लगेगा. वहीं 4 लाइन और उससे अधिक चौड़ाई वाले सड़कों पर 100% टोल टैक्स



लिया जाएगा. अब पथ निर्माण विभाग उन पथों और पुलों का चयन कर रहा है जिसपर टोल टैक्स की वसूली होगी. उसके बाद सरकार के तरफ से टोल टैक्स लेने की तिथि की घोषणा की जाएगी.

**अप्लाई होगा ये नियम:** पुलों पर टोल टैक्स का निर्धारण उसकी लंबाई में 10 गुना जोड़कर किया जाएगा. उदाहरण के लिए 5 किलोमीटर लंबा पुल है और 45 किलोमीटर सड़क का हिस्सा है तो पुल पर 10 गुना यानी की 50 किलोमीटर और सड़क का हिस्सा 45 किलोमीटर कुल 95 किलोमीटर पर टोल टैक्स देना होगा.

**कितना लगेगा टोल टैक्स?** दोपहिया, ट्रैक्टर और हार्वेस्टर पर टैक्स नहीं लगेगा, लेकिन यदि सर्विस रोड होगा तो टोल टैक्स में छूट नहीं मिलेगी. सम्राट चौधरी सरकार की ओर से जो कैबिनेट में फैसला लिया गया है, उसमें कार जीप वैन समेत छोटे वाहन पर 1.25 प्रति किलोमीटर टोल टैक्स लगेगा.

**फास्ट टैग के माध्यम से कटेगा टोल टैक्स:** पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार टोल टैक्स गाड़ी में लगे फास्ट टैग या स्वीकृत इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों के माध्यम से ही कटेगा. बिना फास्ट टैग वाले वाहनों के मामले में अधिक शुल्क लिया जाएगा. उसके साथ अधिक भार युक्त वाहनों के मामले में भी अधिक शुल्क लेने का प्रावधान किया जा रहा है.

**तीन गुना जुमार्ना लगाने का भी प्रावधान:** विशिष्ट श्रेणियों के लिए छूट का भी प्रावधान किया जाएगा. साथ ही रियायती पास और कई अन्य तरह की व्यवस्था भी होगी. टोल टैक्स के लिए एजेंसी का चयन होगा. जो वाहन मालिक निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं करेंगे, उन पर तीन गुना जुमार्ना भी लगाने का प्रावधान किया जा रहा है.

**डबल बोझ पड़ेगा:** कैबिनेट में लिए गए फैसले के बाद अब सरकार की ओर से जो टोल टैक्स नीति लागू की गई है, उसके आधार पर ही टोल टैक्स वसूलने की कार्य योजना तैयार की जा रही है. यानी अब प्रदेश के लोगों को नेशनल हाईवे के साथ स्टेट हाईवे और पुल पर भी टोल टैक्स का बोझ सहना होगा. हालांकि पूरी प्रक्रिया में अभी कुछ समय लग सकता है क्योंकि पहले जिन रोड और पुल पर टैक्स लगेगा उसका चयन होगा फिर एजेंसी का चयन किया जाएगा.

# करने दो टारगेट..' बिना सिक्योरिटी के घूमने पर लालू यादव ने कहा- शेर हूं, डर नहीं लगता

एजेंसी

**पटना:** बिहार सरकार ने भले ही लालू यादव और राबड़ी देवी को फिर से पहले की तरह जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी बहाल कर दी हो लेकिन उन्होंने अब तक सुरक्षा नहीं ली है. पटना में पत्रकारों ने जब आरजेडी अध्यक्ष से पूछा कि आप बिना सुरक्षा के घूम रहे हैं, डर नहीं लगता तो उन्होंने कहा कि शेर को डर नहीं लगता.

**'शेर को डर नहीं लगता':** लालू यादव ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कोई दिक्कत नहीं है. उनको क्यों डर लगेगा. शेर को किस बात से डर लगेगा. हमारे साथ तो बिहार की जनता है.



**सम्राट-नीतीश पर भड़के:** लालू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पूर्व सीएम नीतीश कुमार उनको और उनके परिवार को जान-बूझकर टारगेट कर रहे हैं. हालांकि उन्होंने कहा कि करने दो टारगेट, इन सब बातों से उनको कोई फर्क नहीं पड़ता. आरजेडी चीफ ने नीतीश कुमार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए.

**तेजस्वी ने संभाल ली है पार्टी ?:** वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या तेजस्वी यादव ने अच्छे से राष्ट्रीय जनता दल की जिम्मेदारी संभाल ली है? तब लालू यादव ने कहा कि हां वह अच्छे से पार्टी चला रहे हैं.

**10 सर्कुलर रोड आवास छिना:** पिछले दिनों लालू यादव और राबड़ी देवी ने 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास खाली कर दिया था. उस घर में 20 वर्षों से रह रहे थे. विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से अब राबड़ी को 39 हार्डिंग रोड स्थित बंगला मिला है लेकिन लालू परिवार अपने कौटिल्य नगर वाले निजी घर में शिफ्ट हुआ है.

# आरओबी पर 42 दिनों तक नो एंट्री, रेलवे और बिहार सरकार के विवाद में 56 साल पुराना फ्लाईओवर जर्जर

एजेंसी

**समस्तीपुर:** बिहार के समस्तीपुर जिला मुख्यालय के मुख्य सड़क पर बना 56 वर्ष पुराना आरओबी को मेंटेनेंस के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. अगले 15 अगस्त तक इसपर नो एंट्री रहेगी. इस फ्लाइओवर को समस्तीपुर का लाइफलाइन और मिथिला का द्वार माना जाता है. यह समस्तीपुर, दरभंगा और रोसड़ा को जोड़ता है. ऐसे में इसके बंद हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है.

**आरओबी पर चल रहा मेंटेनेंस का काम**

हालांकि जिला प्रशासन ने आवाजाही को लेकर कुछ वैकल्पिक रास्ते बनाये हैं. वहीं इस




फ्लाईओवर की बात करें तो, यह सिर्फ समस्तीपुर के लोगो के लिए ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों के लोगो की मिथिलांचल की राह को आसान करता है.

**42 दिनों तक पुल बंद**

वहीं दो हिस्सों में बंटे समस्तीपुर शहर को भी यही पुल जोड़ता है. समस्तीपुर सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि मेंटनेस के कारण इसे आवागमन के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है. अगले 15 अगस्त यानी 42 दिनों तक यह पुल बंद रहेगा. वैसे इस दौरान आवाजाही के लिए नया रुट प्लान जारी किया गया है. कई विकल्प चिन्हित है, जहां से छोटी व आवश्यक सेवाओ में लगी गाड़ियां चलेंगी.

**रेलवे और बिहार सरकार के बीच विवाद**

बता दें कि समस्तीपुर जिले के गठन से दो वर्ष पूर्व 1970 में इस फ्लाईओवर निर्माण हुआ था. जिसके बाद से एक बड़ी आबादी के लिए यह सिर्फ एक फ्लाईओवर नहीं बल्कि सही मायनों में लाइफ लाइन बन चुका है. लेकिन लोगों के सफर को आसान बनाने वाले इस फ्लाईओलर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. सूत्रों की मानें तो इसके मेंटेनेंस का मामला बिहार सरकार और रेलवे के बीच फंसा है.

**जर्जर हो चुका है फ्लाईओवर:** वैसे जब पुल जर्जर होने लगा तो, रेलवे ने अपने ट्रैक के ऊपर के हिस्सों को समय-समय पर जरूरी मेंटनेस कराया. इस पुल के अन्य भाग धीरे-धीरे जर्जर होते चले गए. बहरहाल अब पूरी तरह से बीमार हुए इस पुल के मेंटनेस का काम शुरू हुआ है और उम्मीद है कि तय वक्त ने इसे पूरा कर लिया जाएगा.

**समय पर काम पूरा करने की लोगों ने की मांग**

इस पुल के बंद हो जाने से एक बड़ी आबादी प्रभावित हुई है. लोगों का मानना है कि गंतव्य तक जाने में भले परेशानी हो रही हो, लेकिन हमारे लिए इसका दुरुस्त होना जरूरी है. वहीं कुछ लोगो का यह भी तर्क है कि , पहले ही शहर में बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था से वे हलकान हैं. अगले 40-42 दिन उनकी परेशानी और बढ़ने वाली है. साथ ही लोगों ने इसे वक्त पर पूरा करने की अपील भी सम्बंधित विभाग से की है.

**क्या है वैकल्पिक व्यवस्था:** गौरतलब है कि वैकल्पिक यातायात व्यवस्था में किसी तरह की विघ्न बाधा न हो इसके लिए यातायात पुलिस की टीम ने विषेश तैयारी कर रखी है. ताजपुर रोड, धर्मपुर चौक, पंचवटी चौक, आदर्शनगर रोड, कन्हैया चौक समेत दो दर्जन से अधिक जगहों को चिन्हित किया गया है. इन जगहों पर आमजनों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस जवानों की तैनाती होगी.

## संक्षिप्त खबर

### पटना के इस इलाके में फल व्यापारी को दिन-दहाड़े मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस



पटनाः राजधानी पटना के बहादुरपुर थाना क्षेत्र स्थित बाजार समिति फल मंडी में मंगलवार को एक फल व्यापारी को गोली मार दी गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमलावर ने साइलेंसर लगे हथियार से फायरिंग की. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई.गोली लगने के बाद घायल फल व्यापारी को आनन-फानन में इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया गया. चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है.घटना की सूचना मिलते ही बहादुरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है.पुलिस घटना के कारणों और हमलावरों की पहचान करने में जुटी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा.

### 21000 करोड़ से बिहार में बिछेगा सड़कों-पुलों का जाल, सरकार लेगी लोन, इस जिले में बनेगा महासेतु




**बिहार:** बिहार में शानदार सड़कें और पुल बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. पथ निर्माण विभाग ने बैंकों से 21 हजार करोड़ रुपये का लोन लेने की मंजूरी दे दी है. इस बड़े फंड से मुजफ्फरपुर सहित पूरे उत्तर बिहार में रुके हुए और चल रहे प्रोजेक्ट्स का काम बहुत तेजी से पूरा होगा. इस 21000 करोड़ में से 15 हजार करोड़ रुपये बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (BSRDCL) को दिए जाएंगे. 6 हजार करोड़ रुपये बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को मिलेंगे. विभाग ने इसकी सारी नियम और शर्तें अधिकारियों को बता दी हैं.सरकार यह लोन 25 सालों में किस्तों में चुकाएगी. कर्ज चुकाने के लिए बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली 2026 के तहत सड़कों और पुलों से जो टोल टैक्स वसूला जाएगा, उसका इस्तेमाल किया जाएगा. अब पैसों की कमी से कोई काम नहीं रुकेगा.इस नए फंड से मुजफ्फरपुर के लोगों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी. शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले अखाड़ाघाट पुल और दादर पुल के नए निर्माण में अब काफी तेजी आएगी. इसके साथ ही पुराने दादर पुल और शहर के सबसे व्यस्त माड़ीपुर आरओबी (ROB) की मरम्मत का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा.मुजफ्फरपुर के पारू प्रखंड के फतेहाबाद में बूढ़ी गंडक नदी पर एक बहुत बड़ा पुल बनने जा रहा है. लगभग 5 अरब रुपये के खर्च से यहां 3 किलोमीटर लंबा पुल बनेगा. इस मेगा प्रोजेक्ट का काम जल्द शुरू होगा, जिससे पारू और आसपास के इलाकों में आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा.मुजफ्फरपुर में BSRDCL द्वारा करीब 8 अरब रुपये की लागत से हथौड़ी-अतरार-बभनगामा-औराई सड़क बनाई जा रही है. इसके लिए जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है. अब बैंकों से पैसा आते ही जिन किसानों या लोगों की जमीन ली गई है, उन्हें तेजी से मुआवजे का पैसा दिया जाएगा ताकि सड़क बनाने का काम बिना किसी रुकावट के चलता रहे.

### बिहार में एक घर से निकले 40 से ज्यादा जहरीले सांप ! हैरान कर देगा ये डरावना दृश्य



**पटना:** राजधानी पटना से सटे पुनपुन थाना क्षेत्र के समकूढ़ा गांव में सोमवार को सनसनीखेज घटना सामने आई है. मिट्टी के फूस वाले मकान की खुदाई के दौरान एक के बाद एक 40 सांप निकल आए. विशाल गेहुमन (कोबरा) और दर्जनों सपोलों के निकलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया. ग्रामीण भयभीत हो गए और मौके पर भीड़ जुट गई.

**डर के साए में रहता था परिवार:** घर के मालिक शंभू प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि उनके परिवार के पांच सदस्य इसी मकान में रहते हैं. करीब एक साल पहले उनके 6 वर्षीय बेटे तरुण कुमार को घर में ही विषैले सांप ने डस लिया था. उसे पीएमसीएच पटना में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद उसकी जान बच सकी. उस समय भी परिवार को मकान के नीचे बड़े सर्प मांद होने की जानकारी नहीं थी.

**23 सपोले मारे गए, फिर निकला विशाल कोबरा:** रविवार को घर के अंदर एक-एक कर 23 सपोले निकले, जिन्हें डर के मारे लोगों ने मार दिया. सोमवार को सांप पकड़ने वाले को बुलाया गया. एक कमरे में करीब 3 फीट मिट्टी खोदने पर एक विशाल गेहुमन और 17 सपोले बरामद हुए. सांपों की भारी संख्या देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई.

**सपेरा ने पकड़े सांप, कुछ मारे भी गए:** कुछ सांपों को डर के कारण मारा गया तो कुछ को सपेरे नगीना ने पकड़ लिया. फिलहाल आसपास के इलाकों में भी सांपों की तलाश की जा रही है. मकान के नीचे बड़े मांद होने की आशंका से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है.

**थानाध्यक्ष का लोगों को सुझाव:** पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि ऐसे मामलों में सांपों को मारने के बजाय वन विभाग या प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना देनी चाहिए. इससे दोनों पक्षों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है. ऐसी कोई जानकारी मिलती है तो वन विभाग को सूचना दें.

**ग्रामीणों में बनी आशंका का माहौल:** शंभू प्रसाद के परिवार समेत पूरे गांव के लोग अब डर के साए में जी रहे हैं. घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की नजर गांव पर है. लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं.

# बिहार के इस जिले में रनवे के लिए 10 दिनों में टेंडर की संभावना, जल्द ही उड़ान भरेंगे छोटे विमान

एजेंसी

**बिहार:** बिहार में रोड और रेल के बाद अब हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है. इसी क्रम में मुजफ्फरपुर जिले के पताही एयरपोर्ट को शुरू करने पर पूरा जोर दिया जा रहा है. जल्द ही पताही एयरपोर्ट से छोटे विमानों की उड़ान शुरू होने वाली है. इस एयरपोर्ट को कोड-बी एयरपोर्ट के रूप में डेवलप किया जाएगा.

**एयरपोर्ट को लेकर पहले फेज का काम शुरू**

जानकारी के मुताबिक, अगले साल यानी कि 2027 के जून तक पताही एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा. जबकि रनवे के लिए 10 दिनों में टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी. एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विकास के पहले फेज का काम जुलाई में शुरू हो गया है. लगभग 43 करोड़ 13



लाख रुपये की लागत से पहले फेज की शुरूआत की गई है.

**इन सुविधाओं को किया जाएगा डेवलप**

इसमें से लगभग 23 करोड़ 47 लाख रुपये से एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन, टर्मिनल भवन, फायर स्टेशन के अलावा अन्य सुविधाओं को लेकर व्यवस्था की जाएगी. बताया जा रहा है कि निर्माण एजेंसी को 11 महीने में काम पूरा कर लेने का टारगेट दिया गया है. पताही एयरपोर्ट के निर्माण से उत्तर बिहार में हवाई कनेक्टिविटी मजबूत हो सकेगा. लोगों के लिए नया ऑप्शन मिल सकेगा.

**पहले फेज में उड़ान भरेंगे छोटे विमान**

पताही एयरपोर्ट के रनवे को लेकर बताया गया है कि इसके लिए 10 दिनों के अंदर टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी. पहले फेज में यहां से छोटे विमान उड़ान भर सकेंगे. इसे ही ध्यान में रखते हुए टर्मिनल भवन की क्षमता यह होगी कि यहां से एक समय में लगभग 150 यात्रियों का आना-जाना हो सकेगा. पताही एयरपोर्ट मुजफ्फरपुर और इसके आस-पास के जिलों के लिए बेहद खास साबित हो सकेगा.

**जिले के विकास को मिलेगी गति**

मुजफ्फरपुर में पताही एयरपोर्ट के निर्माण से जिले को विकास को गति मिल सकेगी. साथ ही जिले का आर्थिक विकास भी हो सकेगा. बताया जा रहा है कि लोगों की मांग लगभग 10 साल पुरानी है. कई बार काम शुरू हुआ लेकिन किसी ना किसी कारण से मामला ठंडे बस्ते में चला गया. ऐसे में अब जाकर लोगों की उम्मीदें बढ़ गईं हैं.

# बुधवार को होगी सम्राट कैबिनेट की बैठक, युवा, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत इन एजेंडों पर लग सकती है मुहर

एजेंसी

**बिहार:** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी. यह बैठक मुख्य सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में शाम 5 बजे होगी. इसमें दोनों डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव और विजय चौधरी मौजूद रहेंगे. इनके अलावा अन्य विभागों के मंत्री और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे. इस दौरान कई अहम एजेंडों पर मुहर लगाई जा सकती है.

**युवाओं के लिए निकाली जा सकती है बहाली**

जानकारी के मुताबिक, बिहार के युवाओं के लिए नई नौकरी को लेकर फैसला लिया जा सकता है. कई विभागों में उनके लिए नई बहाली निकाली जा सकती है. सरकार की तरफ से साल 2030 तक 1 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य तय किया गया है. ऐसे में कल होने वाली कैबिनेट की बैठक में उनसे जुड़ा फैसला लिया



जा सकता है.

**नई योजनाओं को मिल सकती है मंजूरी**

इसके अलावा नई योजनाओं को मंजूरी मिल सकती है. कई विभागों से जुड़ी महिलाओं, विधवा, बुजुर्गों और बिहार के लोगों के हित में नई योजनाओं पर मुहर लग सकती है. इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़ा फैसला भी लिया जा सकता है. ऐसे में कल होने वाली बैठक बेहद खास मानी जा रही है.

**नए निमार्णो को लेकर हो सकता है फैसला**

इस बैठक में राज्य में सड़क, फोरलेन, पुल समेत नए निमार्णों को भी मंजूरी मिल सकती है. बिहार में रोड के साथ-साथ रेल और हवाई कनेक्टिविटी पर भी पूरा जोर दिया जा रहा है. ऐसे में कुछ जिलों को नया तोहफा कैबिनेट की बैठक में सरकार की ओर से मिल सकता है.

**इससे पहले 1 जुलाई को हुई थी बैठक**

इससे पहले 1 जुलाई को कैबिनेट की बैठक हुई थी. इसमें 29 एजेंडों पर मुहर लगी थी. सरकार ने पांच नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए जमीन उपलब्ध कराने, 31 बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण, 1100 श्रद्धालुओं के लिए विशेष सोमनाथ यात्रा और बक्सर के भगवान वामन मंदिर के विकास सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए थे.

# बिहार टोल टैक्स नियम 2026 लागू, जानिए किस सड़क पर कितना शुल्क लगेगा

एजेंसी

**बिहार:** बिहार में गाड़ी चलाने वालों के लिए एक बड़ी खबर है. अब राज्य के स्टेट हाईवे, बड़े पुलों, बाईपास और सुरंगों से गुजरने पर टोल टैक्स देना होगा. बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने 'बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली 2026' की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी है. इसके साथ ही प्रदेश में नई टोल टैक्स नीति लागू हो गई है. अब सड़कों की चौड़ाई के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा.

**सड़क की चौड़ाई के हिसाब से लगेगा टैक्स**

सरकार ने सड़कों की कैटेगरी के हिसाब से टैक्स का प्रतिशत तय किया है. फोर लेन या उससे चौड़ी सड़कों पर तय की गई राशि का पूरा 100 प्रतिशत टोल टैक्स लगेगा. दो लेन से ज्यादा और फोर लेन से कम चौड़े स्टेट हाईवे पर तय राशि का 60 प्रतिशत टैक्स देना होगा. इसके अलावा 5.5



मीटर चौड़ी सड़कों पर 50 प्रतिशत टोल टैक्स लगेगा. विभाग अब उन रास्तों और पुलों की लिस्ट तैयार कर रहा है जहां टोल वसूला जाएगा. गाड़ियों की गिनती का आकलन करने के बाद टोल टैक्स वसूलने का जिम्मा प्राइवेट एजेंसियों को दिया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही टेंडर जारी होगा.

**पुलों के लिए अलग नियम और तिगुना जुमार्ना**

पुलों पर टोल टैक्स तय करने का नियम थोड़ा अलग है. पुल की लंबाई में 10 गुना दूरी जोड़कर टैक्स तय किया जाएगा. उदाहरण के लिए, अगर 50 किलोमीटर के रास्ते में 45 किलोमीटर सड़क और 5 किलोमीटर लंबा पुल है, तो टोल टैक्स पूरे 95 किलोमीटर के हिसाब से जोड़ा जाएगा. अगर कोई वाहन मालिक टोल टैक्स नहीं देता है, तो उससे तिगुना यानी 3 गुना जुमार्ना वसूला जाएगा.

**इन्हें मिली छूट, फास्टैग से कटेंगे पैसे**

राहत की बात यह है कि दोपहिया, तिपहिया, ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर और बैलगाड़ी जैसे पशु-चलित वाहनों को इस टैक्स से छूट दी गई है. अगर ये वाहन सर्विस रोड का इस्तेमाल करेंगे तो यह छूट नहीं मिलेगी. टोल टैक्स की रकम गाड़ी में लगे फास्टैग या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से ही कटेगी. बिना फास्टैग वाली गाड़ियों और ओवरलोड वाहनों से ज्यादा चार्ज लिया जाएगा. खास लोगों के लिए पास और कई बार यात्रा करने वालों के लिए डिस्काउंट की सुविधा भी होगी.

**गाड़ियों के हिसाब से टोल टैक्स की दरें**

टोल टैक्स की दरें प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय की गई हैं. कार, वैन, जीप और हल्के वाहनों के लिए 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर की दर तय हुई है. छोटे कमर्शियल वाहनों जैसे मिनी बस या छोटा मालवाहक गाड़ी पर 2 रुपये प्रति किलोमीटर लगेंगे. दो धुरी वाले बस और ट्रक के लिए 4.25 रुपये प्रति किलोमीटर का शुल्क देना होगा. तीन धुरी वाले कमर्शियल वाहनों पर 4.60 रुपये प्रति किलोमीटर तय किया गया है. छह धुरी वाली भारी निर्माण मशीनों के लिए 6.65 रुपये और 7 या उससे ज्यादा धुरी वाले विशाल आकार के गाड़ियों के लिए 8.10 रुपये प्रति किलोमीटर की दर लागू होगी.

# बिहार में राजनीतिक धमाका', प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने पर शत्रुघ्न सिन्हा बोले- जबरदस्त हलचल मचा दी

एजेंसी

**बिहार:** बांकीपुर सीट पर उपचुनाव को लेकर बिहार का सियासी पारा चढ़ा हुआ है. जन सुराज की ओर से प्रशांत किशोर खुद चुनावी मैदान में उतर आए हैं. ऐसे में उन्हें सांसद शत्रुघ्न सिन्हा का समर्थन मिल गया है. एक्स के जरिए पोस्ट शेयर कर सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने प्रशांत किशोर की जमकर तारीफ की. साथ ही जनता से वोट की अपील भी की.

**एक्स पोस्ट में शत्रुघ्न सिन्हा ने क्या-क्या लिखा?**

सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने एक्स पर लिखा, 'बिहार में राजनीतिक धमाका. सबसे काबिल, दूरदर्शी, बेहतरीन बुद्धिजीवी, जन-जन के नेता और हर तरफ पसंद किए जाने वाले और चर्चा में रहने वाले प्रशांत किशोर आखिरकार चुनावी मैदान में उतर आए हैं. पटना, बिहार में उपचुनाव में उतरकर उन्होंने राजनीतिक हलकों और पूरे देश की जनता के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी है'.आगे उन्होंने यह भी लिखा, 'एक 'बिहारी बाबू' होने के



नाते, मुझे यह खबर राजनीतिक रूप से बेहद दिलचस्प और जबरदस्त लगती है. आज 'सबकी एकता' की जरूरत है; उम्मीद, इच्छा और प्रार्थना है कि आम लोग, और खासकर युवा पीढ़ी, जाति, धर्म और पार्टी की सीमाओं से ऊपर उठकर उनका समर्थन करेंगे. जय बिहार. जय हिंद'.

**शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे भी लड़ चुके हैं चुनाव**

जानकारी के मुताबिक, बांकीपुर की सीट से सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा भी चुनाव लड़ चुके हैं. वह 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में बांकीपुर की सीट से किस्मत आजमा चुके हैं. उन्होंने कांग्रेस पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ा था और बीजेपी के उम्मीदवार नितिन नवीन ने उन्हें हराया था. अब नितिन नवीन के बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सीट खाली हो गई है.,


**खबर संक्षेप**



### ओएनजीसी ने दूसरे 'जियो-थर्मल' कुएं की खुदाई पूरी की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने लद्दाख की पुगा घाटी में दूसरे भू-तापीय (जियोथर्मल) कुएं की खुदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसके साथ ही भारत पहले प्रायोगिक जियोथर्मल बिजली संयंत्र की स्थापना की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ गया है। भू-तापीय ऊर्जा पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद प्राकृतिक ऊष्मा का उपयोग कर बिजली और तापीय ऊर्जा पैदा करती है।


### सीमेंस को मिला रेल्वे का 263 करोड़ का बड़ा ठेका



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी सीमेंस लिमिटेड को उत्तराखंड की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) से 263 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस ठेके के तहत कंपनी 'ओवरहेड' रेल विद्युतीकरण प्रौद्योगिकियों की आपूर्ति करेगी। कंपनी ने बताया कि परियोजना के तहत करीब 102.5 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर सुरंग, पुल, यार्ड और अन्य संबंधित ढांचों में बिजली आपूर्ति के लिए ओवरहेड कैटेनरी प्रणाली स्थापित की जाएगी।

### कीस्टोन रियल्टर्स में बिक्री बुकिंग 42 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की



अप्रैल-जून तिमाही में 42 प्रतिशत घटकर 617 करोड़ रुपये रह गई। कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने वित्त 2025-26 की समान तिमाही में मुख्य रूप से आवासीय संपत्तियों की 1,068 करोड़ रुपये की बिक्री की थी। मुंबई स्थित रियल एस्टेट कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपने तिमाही कारोबारी प्रदर्शन की जानकारी साझा की है।

### रुपया 27 पैसे टूटकर 95.65 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को 27 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.65 (अस्थायी) पर रहा। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की



घोषणा के बाद रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से हुए ड्रोन तथा मिसाइल हमलों से तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं पैदा हुईं, जबकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मजबूत डॉलर के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा।

### इंडियन बैंक अपने डूबे कर्ज की करेगी वसूली तेज



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2026-27) में 5,500 करोड़ रुपये के डूबे कर्ज (एनपीए) की वसूली का लक्ष्य रखा है। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) बिनोद कुमार ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बैंक 1,885 करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है। हमारा पूरे वित्त वर्ष में 4,500 से 5,500 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य है। वित्त वर्ष के अंत तक निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।'

# मेमोरी चिप के लिए साल 2027 होगा सबसे खराब, महंगे होंगे स्मार्टफोन-लैपटॉप

**दुनिया के सबसे बड़े मेमोरी चिप कंपनी एसके हाइनिक्स के प्रमुख ने चेताया**

नई दिल्ली

अगर आप अगले साल नया स्मार्टफोन या लैपटॉप लेने का सोच रहे हैं, तो मेमोरी चिप बाजार से आई यह चेतावनी आपके बजट पर असर डाल सकती है। दुनिया की बड़ी मेमोरी चिप कंपनी एसके हाइनिक्स के कंपनी प्रमुख ने कहा है कि 2027 इस कारोबार के लिए बहुत खराब साल हो सकता है।

उनके मुताबिक मेमोरी चिप की कमी इतनी बढ़ सकती है कि कंपनियों के पास बेचने के लिए पर्याप्त चिप नहीं बचेगी। इसका सीधा असर रैम, स्टोरेज, स्मार्टफोन, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल, डेस्कटॉप कंप्यूटर, एआई पीसी और दूसरे स्मार्ट गैजेट की कीमतों पर पड़ सकता है।

#### 2030 के बाद भी दबाव बना रह सकता है

2027 में मेमोरी चिप की बड़ी कमी का खतरा बताया गया है। रैम और स्टोरेज महंगे होने पर फोन और कंप्यूटर भी महंगे हो सकते हैं। एआई डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर की बढ़ती मांग को बड़ी वजह बताया गया है।कंपनी प्रमुख के मुताबिक 2030 के बाद भी मांग और सप्लाई के बीच दबाव बना रह सकता है।



#### एसके हाइनिक्स के प्रमुख ने कहा

एसके हाइनिक्स के कंपनी प्रमुख क्वाक नोह जुंग ने कहा कि 2027 मेमोरी चिप कारोबार के लिए सबसे खराब सालों में से एक हो सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चिप की कमी इतनी बढ़ सकती है कि बाजार में मांग तो होगी, लेकिन सामान कम होगा। फोन और कंप्यूटर में रैम और स्टोरेज मेमोरी चिप से ही बनते हैं।

#### तकनीकी सामानों पर पड़ेगा असर

इस कमी का असर रोजमर्रा के कई तकनीकी सामान पर पड़ सकता है। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल, डेस्कटॉप कंप्यूटर, एआई पीसी, डेटा सेंटर से जुड़े सिस्टम और दूसरे स्मार्ट गैजेट शामिल हैं। एसके हाइनिक्स कोई छोटी कंपनी नहीं है। मेमोरी चिप बनाने वाली दुनिया की तीन बड़ी कंपनियों में सैमसंग, एसके हाइनिक्स और माइक्रोन शामिल हैं।

#### कमी की वजह एआई की मांग

कंपनी प्रमुख ने कहा कि इसकी सबसे बड़ी वजह एआई की तेज मांग है। दुनिया भर में एआई डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर तेजी से बन रहे हैं, और इन्हें चलाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा मेमोरी चिप चाहिए। इससे चिप का बड़ा हिस्सा एआई सर्वर और डेटा सेंटर में जा सकता है, और आम ग्राहकों के लिए कम चिप बच सकती है।

#### रैम और स्टोरेज होंगे महंगे

क्वाक नोह जुंग ने यह भी कहा कि अभी परेशानी का कोई आसान हल साफ नहीं दिख रहा है। उनके मुताबिक 2030 के बाद भी ग्राहकों की मांग इतनी ज्यादा रह सकती है कि कंपनियां उतनी सप्लाई नहीं कर पाएंगी। यानी यह दबाव आने वाले कई साल तक बना रह सकता है। फिलहाल इस खबर का सबसे बड़ा मतलब यही है कि मेमोरी चिप की कमी बढ़ी, तो रैम और स्टोरेज महंगे होंगे।

## जून माह में निर्यात बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा

# देश का निर्यात जून में 15.5 प्रतिशत बढ़ा व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर

**कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है**

नई दिल्ली

देश का निर्यात जून महीने में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया।


**व्यापार घाटा बढ़कर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंचा**

मुख्य रूप से कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है।

कच्चे तेल का आयात आलोच्य महीने में 40 प्रतिशत बढ़कर 19.32 अरब डॉलर रहा। देश का कुल वस्तु आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 70.84 अरब डॉलर रहा। जून के पहले पखवाड़े में, तेल की कीमत लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल थी। अब यह 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। पिछले महीने कीमती धातुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी के आयात ने भी देश के आयात बिल को बढ़ाया।

#### इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़ा

आलोच्य महीने में इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़कर 13.4 अरब डॉलर, मशीनरी 30.9 प्रतिशत बढ़कर 5.8 अरब डॉलर और और सोने का आयात सात प्रतिशत बढ़कर लगभग दो अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 19.89 प्रतिशत बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया।



#### सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर

वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर रहा जो पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में 7.49 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों के बारे में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, लौह अयस्क, हस्तशिल्प, मांस और डेयरी उत्पादों जैसे क्षेत्रों में भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि है।

#### जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर रहा

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों की आवाजाही को प्रभावित किया है। इस बीच, सरकारी अनुमानों के अनुसार, जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर और आयात 17.92 अरब डॉलर रहा। भारत का अमेरिका को निर्यात जून में 1.21 प्रतिशत घटकर 8.17 अरब डॉलर रहा।

#### चीन को भारत से वस्तु निर्यात बढ़ा

चीन को भारत से वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 27.54 प्रतिशत बढ़कर 5.6 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 27.94 प्रतिशत बढ़कर 38.04 अरब डॉलर रहा। इसी तरह, पिछले महीने सिंगापुर को निर्यात सालाना आधार पर 48.91 प्रतिशत बढ़कर 1.44 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, निर्यात 101.16 प्रतिशत बढ़कर 6.51 अरब डॉलर पहुंच गया।

#### भारत का इन देशों को निर्यात बढ़ा

भारत ने इस अवधि के दौरान संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, ब्रिटेन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, श्रीलंका, इटली और वियतनाम को भी निर्यात में भी वृद्धि दर्ज की है। हालांकि, जून में सऊदी अरब और फ्रांस को निर्यात में गिरावट आई।

**कर्मचारियों की कुल संख्या घटकर 2,11,178 रह गई**

# एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों की संख्या 2025-26 में 3,343 घटी

नई दिल्ली



देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कर्मचारियों की कुल संख्या में 3,343 की कमी दर्ज की गई। कर्मचारियों की कमी ऐसे समय में हुई है, जब बैंक के बही-खाते में करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

**■ कर्मियों की कमी ऐसे समय हुई जब लाभ में 12 फीसदी की वृद्धि हुई**

बैंक की ताजा सालाना रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कर्मचारियों की कुल संख्या घटकर 2,11,178 रह गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 2,14,521 थी। इस दौरान कर्मचारियों के बैंक छोड़ने की दर 23.12 प्रतिशत रही।

वित्त वर्ष 2024-25 की समाप्ति के साथ बैंक में वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारियों की संख्या 247 से बढ़कर 262 हो गई, जबकि मध्यम स्तर के कर्मचारियों की संख्या 9,159 से बढ़कर 10,411 हो गई। दूसरी ओर, वित्त वर्ष 2024-25 में गैर-पर्यवेक्षी (नॉन-सुपरवाइजरी) कर्मचारियों की संख्या 1,70,950 थी, जो वित्त वर्ष 2025-26 के अंत में घटकर 1,62,797 रह गई।

बैंक की कुल बही-खाता 31 मार्च, 2025 तक 11.6 प्रतिशत बढ़कर 43,64,886 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 39,10,199 करोड़ रुपये था। इसी अवधि में बैंक का कुल ऋण 12 प्रतिशत बढ़कर 29,37,166 करोड़ रुपये हो गया, जबकि कुल जमा राशि 14 प्रतिशत बढ़कर 31,05,251 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी।

#### बैंक ग्राहक केंद्रित बैंक बनने की दिशा में अग्रसर

एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, "जैसे-जैसे हम प्रौद्योगिकी आधारित और ग्राहक-केंद्रित बैंक बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं, कर्मचारियों को भी उसी रफ़्तार से आगे बढ़ना होगा...।"

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से निवेशक धारणा बदली**

# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरा, स्थिर रुख के साथ बंद



मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव गहराने के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से सोमवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए।

**■ निचले स्तर पर खरीदारी आने से बाजार स्थिर रुख के साथ बंद**

विश्लेषकों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने भू-राजनीतिक चिंताओं के असर को कुछ हद तक संतुलित किया, जिससे बाजार शुरुआती गिरावट से उबरने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 711.96 अंक टूटकर 76,857.43 अंक तक आ गया था। हालांकि, आईटी शेयरों में जबर्दस्त खरीदारी आने से यह गिरावट से उबरकर 219.9 अंक तक चढ़ गया, लेकिन अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका। निफ्टी भी 4.10 अंक की हल्की बढ़त के साथ 24,211 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 5.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रही। इसके अलावा एचसीएल टेक 5.02 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.34 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.17 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.18 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 1.83 प्रतिशत चढ़े।

#### बेंट क्रूड बढ़कर 78 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे शेयर नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल मानक बेंट क्रूड 2.57 प्रतिशत बढ़कर 77.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

#### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, "अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य की तनावपूर्ण स्थिति के कारण तेल की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे कच्चे तेल के दाम बढ़े और निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।"

# वाहन क्षेत्र में जून तिमाही के दौरान हुए 20 बड़े सौदे

नई दिल्ली

भारतीय वाहन क्षेत्र में वर्ष 2026 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान हुए सौदों का कुल मूल्य 71.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले तीन साल का सबसे कम तिमाही लेनदेन है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

ग्रांट थॉर्नटन भारत की नवीनतम 'ऑटोमोटिव डीलट्रैकर' रिपोर्ट में कहा गया है कि जून तिमाही के



दौरान वाहन क्षेत्र में कुल 20 सौदे हुए। हालांकि, सौदों की संख्या घटने के बावजूद सौदों का कुल मूल्य अपेक्षाकृत मजबूत बना रहा। तिमाही आधार पर कुल सौदा मूल्य में चार प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसका बड़ा हिस्सा मुख्य रूप में परिवहन मंचों, वाहन प्रौद्योगिकी एवं पूंजी बाजार से जुड़े निवेश में केंद्रित रहा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार और वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र के प्रमुख साकेत मेहरा ने कहा, /"तिमाही के दौरान सौदों की संख्या में कमी आई, लेकिन निवेश उन कंपनियों पर केंद्रित रहा जो भविष्य के परिवहन परिदृश्य को आगे बढ़ा रही हैं।/"

#### सबसे बड़ा सौदा केपीआईटी टेक्नोलॉजीज ने किया

इस तिमाही का सबसे बड़ा सौदा केपीआईटी टेक्नोलॉजीज द्वारा इजराइल की साइबर सुरक्षा कंपनी साइमोटिव टेक्नोलॉजीज का 12 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण रहा। पीई/वीसी निवेश में भी नरमी देखी गई और 13 सौदों के जरिये 34.1 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ।

# टाटा कैपिटल ने योगलोन्स में खरीदी बहुलांश हिस्सेदारी

**मुंबई।** टाटा कैपिटल ने केरल की कंपनी योगक्षेम लोन्स (योगलोन्स) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही, टाटा समूह की इस वित्तीय सेवा कंपनी सोने के बदले कर्ज यानी स्वर्ण ऋण कारोबार में भी उतर गई है। कंपनी ने स्वर्ण ऋण कारोबार में उतरने का निर्णय अपने खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में विविधता लाने के मकसद से लिया है। नियामकीय मंजूरी मिलने पर यह सौदा पूर्ण रूप से नकद में होगा। इसके आधार पर योगलोन्स का मूल्यांकन 318 करोड़ रुपये तक आंका गया है। साथ ही, इसमें कंपनी की वृद्धि योजना को समर्थन देने के लिए लगभग 93 करोड़ रुपये का पूंजी डाली जाएगी। सौदा पूरा होने के बाद टाटा कैपिटल की योगलोन्स में जारी और चुकता शेयर पूंजी में 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। टाटा कैपिटल ने कहा कि योगलोन्स के प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक यू.आई. वीटिल अधिग्रहण के बाद भी कंपनी का नेतृत्व करते रहेंगे।

**■ कंपनी स्वर्ण ऋण के कारोबार में उतरी**

**सीतारमण ने बैंकों के सीईओ के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की**

# बैंक प्रवासी भारतीयों को जोड़ने के लिए कदम उठाएं : सीतारमण

नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बैंकों से कहा कि वे विदेशी मुद्रा जमा को और बढ़ाने के लिए प्रवासी भारतीयों को जोड़ने के लिए कदम उठायें।

सीतारमण ने विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी), बाह्य वाणिज्यिक उधारी और विदेशी मुद्रा कर्ज अदला बदली उपायों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुरुआती उत्साहजनक प्रतिक्रिया की सराहना की।

**■ वित्त मंत्री ने कहा, बैंक विदेशी मुद्रा जमा करने पर ध्यान दें**

वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने बैंकों से एनआरआई समुदाय तक अपनी पहुंच और बढ़ाने, नए तरह के जमा उत्पाद पेश करने और योजनाओं की बची हुई अवधि के दौरान जमा जुटाने की गति को बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक के दौरान, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों ने बताया कि बैंक एफसीएनआर (बी) जमा पर आकर्षक रिटर्न दे रहे हैं, जिसमें पांच साल की जमा राशि भी शामिल है।

यह नई एफसीएनआरबी (बी) जमा राशि पर ब्याज दर की सीमा को हटाने के कारण संभव हुआ है। बैंकों के सीईओ ने बताया कि सिंगापुर, हांगकांग, पश्चिम एशिया, ब्रिटेन, अमेरिका और अन्य विदेशी क्षेत्रों में रहने वाले एनआरआई ने इसमें काफी रुचि दिखाई है। बयान में कहा गया है कि उन्होंने सकारात्मक माहौल का फायदा उठाने और योजना की बची हुई अवधि के दौरान जमा जुटाने की प्रक्रिया को तेज करने की अपनी योजनाओं के बारे में बताया।

#### बैंकों के आकर्षक रिटर्न के कारण राशि जुटाने में तेजी दिखी

वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकों द्वारा दिए जा रहे आकर्षक रिटर्न के कारण एफसीएनआर (बी) जमा राशि जुटाने में स्पष्ट रूप से तेजी देखी गई है। बातचीत के दौरान बैंकों ने यह भी बताया कि गुजरात की गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में मौजूद अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग इकाइयों का उपयोग ब्रिटेन, अमेरिका, पश्चिम एशिया, हांगकांग, सिंगापुर और दक्षिण-पूर्व एशिया सहित कई क्षेत्रों से कोष जुटाने के लिए किया जा रहा है।

**शेयर बाजार में निवेश और नौकरी बदलने के नियमों में किया परिवर्तन**

# सेबी के कर्मचारियों पर सख्त हुई निगरानी, नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने कर्मचारियों के लिए आचार संहिता और सेवा नियमों को और अधिक कड़ा कर दिया है। नियामक ने 'सेबी (कर्मचारी सेवा) (संशोधन) विनियम, 2026' को अधिसूचित करते हुए हितों के टकराव को रोकने, निवेश की पारदर्शिता बढ़ाने और नौकरी छोड़ने के बाद की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए हैं।

नए नियमों के तहत सेबी ने 'परिवार' और 'आश्रित' के दायरे को और व्यापक कर दिया है। अब इसमें गोद लिए गए बच्चों, सौतेले बच्चों और उन सभी व्यक्तियों को शामिल किया गया है जो आर्थिक रूप से कर्मचारी पर निर्भर हैं। इस विस्तार के साथ ही निवेश और डिस्क्लोजर से जुड़े नियमों का दायरा भी बढ़ गया है।

**हितों के टकराव से संबंधित एक व्यापक रूपरेखा जारी की गई**

#### इस्तीफे के बाद दो साल का 'कूलिंग-ऑफ पीरियड'

सेबी ने इस्तीफा देने या रिटायर होने वाले कर्मचारियों के लिए दो साल की अनिवार्य 'कूलिंग-ऑफ' अवधि तय की है। इस दौरान पूर्व कर्मचारी किसी भी व्यक्ति या संस्था की ओर से सेबी के समक्ष किसी भी मामले में पैरवी नहीं कर सकेंगे। यह प्रतिबंध जांच, सुनवाई, सेटलमेंट और मंजूरी जैसे संवेदनशील मामलों पर लागू होगा। साथ ही, यदि कोई कर्मचारी नई नौकरी के लिए बातचीत शुरू करता है, तो उसे एक महीने के भीतर इसकी सूचना सेबी को देना अनिवार्य होगा।



#### उपहार लेने के नियमों में बदलाव

उपहारों के संदर्भ में नियमों को थोड़ा लचीला करते हुए रिपोर्टिंग सीमा बढ़ा दी गई है। अब कर्मचारियों को 50,000 रुपए तक के उपहारों की रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं होगी, जो पहले मात्र 10,000 रुपए थी। इसके साथ ही, नियामक ने यह भी स्पष्ट किया है कि किन सामाजिक अवसरों पर और किस प्रकार के पारंपरिक उपहारों को नियमों के तहत स्वीकार किया जा सकता है।

#### शेयर बाजार में निवेश पर सख्त प्रतिबंध

सेबी ने अपने कर्मचारियों के निजी निवेश नियमों को काफी सख्त कर दिया है। अब कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य अपने कार्यकाल के दौरान शेयर, इक्विटी में परिवर्तनीय प्रतिभूतियों और डेरिवेटिव्स में कोई भी नया निवेश नहीं कर सकेंगे। हालांकि, म्यूचुअल फंड और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट्स) जैसे विनियमित साधनों में निवेश की अनुमति जारी रहेगी, लेकिन इनका हिस्सा कुल पोर्टफोलियो के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए. जीवनसाथी को मिलने वाले ईएसओपी और विवेकाधीन पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं को इसमें कुछ छूट दी गई है।

# हरमन स्क्वॉड ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास इंग्लिश टीम को घर में दी करारी शिकस्त

**महिला टेस्ट क्रिकेट में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हराया**






ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के 4 विकेट की बदौलत भारत ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए पहले महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे और अंतिम दिन इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया।

लंदन

भारत को एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन जीत के लिए 4 विकेट की दरकार थी और स्नेह (42 रन पर 4 विकेट) की अगुआई में मेहमान टीम ने इंग्लैंड को 62.5 ओवर में 186 रन पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। सयाली सतघरे (24 रन पर 2 विकेट), दीप्ति शर्मा (36 रन पर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (54 रन पर 2 विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऐमी जोन्स 80 गेंद में 54 रन बनाकर इंग्लैंड की ओर से शीर्ष स्कोरर रही जबकि अंतिम बल्लेबाज के दौरान पर आउट होने वाली सोफी एकलेस्टोन ने 50 रन की पारी खेली।

## भारतीय गेंदबाज रहीं हावी

इंग्लैंड ने अंतिम दिन की शुरुआत 6 विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए की और 90 मिनट से अधिक बल्लेबाजी की लेकिन आखिरकार भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। भारत ने मेजबान टीम के सामने 457 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। ऐमी अंतिम दिन आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें स्नेह ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति की गेंद पर दो जीवनदान पाने वाली एकलेस्टोन ने इजी वोंग (33 गेंद में एक रन) के साथ मिलकर भारत के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं। दीप्ति ने वोंग और लॉरेन बेल (00) को बोल्ड करके भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

## रेड बॉल क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा

रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा कायम है। जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में टीम ने सात जीत हासिल की हैं, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

## यास्तिका और क्रांति का नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज

भारत के लिए इस मैच में यास्तिका भाटिया ने शतक लगाया और क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर अपना नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज करवाया। दोनों महिला क्रिकेट में यहां ऑनर बोर्ड पर नाम दर्ज करवाने वाली पहली महिला क्रिकेटर्स हैं। मैच में यास्तिका भाटिया दूसरी पारी में 113 रन बनाकर स्टार बनीं, स्मृति मंधाना 153 रन (83,70) बनाकर इस मैच की टॉप स्कोरर रहीं।

## तेंदुलकर और जय शाह रहे स्टेडियम में मौजूद



दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय टीम को महान सचिन तेंदुलकर से प्रेरणादायक बातें सुनने को मिलीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह भी तेंदुलकर के साथ स्टैंड से मैच देख रहे थे और बाद में उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। यह इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ियों टैमी ब्यूमोंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट का विदाई मैच भी था।

क्रिकेट

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए गिल नामित



दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के साथ बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जून महीने के 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज के दौरान जबरदस्त फॉर्म में थे और उन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में टीम की अगुवाई की।

इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महीने की शुरुआत न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी से जीत के दौरान शानदार 126 रन बनाकर की थी, जो उनके टेस्ट करियर की 11वीं सेंचुरी थी। गिल ने अपनी शानदार फॉर्म को वनडे सीरीज में भी जारी रखा, जहां उन्होंने सिर्फ दो पारियों में 238 रन बनाए। धर्मशाला में खेले गए पहले वनडे में नाबाद 84 रन बनाने के बाद, गिल ने लखनऊ में 154 रन जड़े थे।

## बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन की शानदार वापसी

दूसरी तरफ, बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन ने चार साल के अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार वापसी की। इस ऑलराउंडर को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बांग्लादेश की ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। हुसैन ने पहले मैच में नाबाद 86 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल किए थे। वह सीरीज में 157 रनों के साथ अपनी टीम के टॉप स्कोरर रहे। वहीं, स्मिथ को इंग्लैंड में यादगार 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत दिलाने के लिए न्यूजीलैंड के कमजोर पेस बॉलिंग अटैक की अगुवाई करने का इनाम मिला। स्मिथ ने सीरीज में सर्वाधिक 16 विकेट लिए। इस दौरान लॉर्ड्स में 70 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए थे।

## खबर संक्षेप

### 14 अगस्त से यूपीटी20 रैना ब्रांड एंबेसडर

**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ में होने वाले यूपी टी20 लीग का चौथा सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें कुल 34 मैच खेले जाएंगे।



आयोजकों ने घोषणा की कि 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 13 दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे। लीग में छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इसके लिए मिनी नीलामी 24 जुलाई को आगरा में की जाएगी। टूर्नामेंट का पहला चरण लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद के मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना यूपीटी20 लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रहेंगे।

### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 56वें स्थान पर अदिति

**एवियन ले बेंस।** गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 74 के लचर प्रदर्शन के साथ 2026 आमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर



रहीं। दक्षिण कोरिया की हेइ रेन रयु ने पहले प्ले ऑफ में बर्डी पट के साथ लगातार दूसरा मेजर खिताब अपने नाम किया। शुरुआती तीन दौर में 70, 70 और 69 के स्कोर के साथ अदिति के पास अच्छा नतीजा हासिल करने का मौका था लेकिन वह अंतिम होल में पांच बोगी और दो बर्डी से तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं।

# आज से जापान ओपन, सात्विक-चिराग पर नजरें

टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी चोट से उबरने के बाद मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाले जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की अगुवाई करेगी। पिछले महीने सात्विक की कंधे की चोट के बढ़ जाने के बाद यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से हट गई थी। सात्विक और चिराग अब सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद वहीं से शुरुआत करने के लिए तैयार होंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से होगा।



## भारत का दारोमदार लक्ष्य, सिंधू और आयुष शेट्टी पर

एकल में भारत का दारोमदार एक बार फिर लक्ष्य सेन, पीवी सिंधू और आयुष शेट्टी पर टिका होगा। इस साल की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। आयुष को अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन कुनलावत विटिड्सर्न के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## सिंधू, मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी

सिंधू महिला एकल में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी, जबकि उन्नति हुडा अपने पहले मैच में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन का सामना करेंगी। हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन पुरुष युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन का सामना करेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो तथा रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी इस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगी।

# एक युग का हुआ अंत, 18 साल बाद सुपर किंग्स से अलग हुए फ्लेमिंग

चेन्नई

पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद लंबे समय से टीम के मुख्य कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग से अलग होने का फैसला किया है। फ्लेमिंग पहली बार 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए थे। वह 2009 से टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे थे।

## सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब : फ्लेमिंग



फ्लेमिंग ने कहा, 'खेल जगत में 18 साल लंबा समय होता है। मैं इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया मेरा समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे महत्वपूर्ण दौर रहा है। इस बीच हमने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है।' उन्होंने कहा, 'हमने साथ मिलकर अविस्मरणीय जीत का जश्न मनाया, मुश्किल पलों का सामना किया और ऐसी यादें बनाईं, जिन्हें मैं ताउम्र संजोकर रखूंगा। सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी और मैं आने वाले वर्षों में भी टीम का हौसला बढ़ाता रहूंगा।' सीएसके ने कहा कि फ्लेमिंग और टीम प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया।फ्लेमिंग के कोच रहते हुए चेन्नई ने पांच बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस बीच उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ यादगार साझेदारी बनाई। इस दौरान सीएसके ने दो बार चैंपियंस लीग टी20 टूर्नामेंट भी जीता। उसने रिकॉर्ड 12 बार आईपीएल प्लेऑफ में प्रवेश किया और 10 बार फाइनल में जगह बनाई।

# मायूसी के बाद वनडे में रोहित-कोहली पर टिकी करोड़ों उम्मीदें

बर्मिंघम

*दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न केवल खुद के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा, बल्कि टी20 में लगातार हार से आहत भारतीय टीम के मनोबल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कोहली, रोहित और जसप्रीत बुमराह उस प्रारुप में खेलने के लिए वापसी कर रहे हैं जिसमें द्विपक्षीय मैचों का महत्व और चमक टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते खोती जा रही है।लेकिन 39 वर्षीय रोहित और जल्द ही 38 वर्ष के होने वाले कोहली में अब भी जोश और जुनून बरकरार है। वह अब भी वनडे की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल है और उनका लक्ष्य अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना है।*



## भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की चौकड़ी

कप्तान शुभमन गिल की वापसी और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की एक शानदार चौकड़ी है, जो किसी भी मैच का रुख पलट सकती है। अगर श्रेयस अय्यर को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो बल्लेबाजी इकाई को लेकर ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं होनी चाहिए।

## बुमराह की वापसी से मिलेगी मजबूती

गेंदबाजी इकाई के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जिसे बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। भारत के नए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड की पिचों पर अपनी लेंथ को लेकर बिल्कुल अलग चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अर्शदीप सिंह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में निश्चित रूप से टीम को एक नया आयाम देंगे, जबकि शिवम दुबे चौथे तेज गेंदबाज होंगे।

## टीमें इस प्रकार

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।

**मैच शुरू होने का समय:** दोपहर 3:30 बजे

# चार दिग्गज टीमें - चार सुपरस्टार, सेमीफाइनल में होगा हाई-वोल्टेज मुकाबला

अटलांटा

फ्रांस जब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में स्पेन का सामना करेगा तो दिग्गज खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे और युवा स्ट्राइकर लामिन यामल के बीच रोचक जंग देखने को मिल सकती है। इसी तरह से अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दो अनुभवी खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और हैरी केन आमने-सामने होंगे।

इस बार के सेमीफाइनल मैच कुछ मामलों में अनूठे हैं। चार पूर्व चैंपियन और दुनिया की चार शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें अंतिम चार में पहुंची है। सर्वाधिक गोल करने वाले छह खिलाड़ियों में से पांच मैदान पर दिखाई देंगे। एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी (मेस्सी) आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा फुटबॉल की सबसे कड़वी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक भी सेमीफाइनल में देखने को मिलेगी।

## आज फ्रांस और स्पेन और कल इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना में भिड़ंत

फ्रांस मंगलवार को टेक्सास के अर्लिंगटन में स्पेन से भिड़ेगा और इंग्लैंड बुधवार को अटलांटा में अर्जेंटीना का सामना करेगा। ऐसा 1990 के बाद से पहली बार हुआ है कि विश्व कप के अंतिम चार में सभी टीमें पूर्व चैंपियन हों। अगर फ्रांस और अर्जेंटीना दोनों ही फाइनल में पहुंचते हैं, तो इस साल 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति भी



## फ्रांस बनाम स्पेन

फ्रांस और स्पेन किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों टीम दो साल पहले यूरोपीय चैंपियनशिप में एक दूसरे से भिड़ी थीं। स्पेन ने उस मैच में 2-1 से जीत हासिल की थी। उस मैच में यामल ने गोल किया था, जो तब 16 वर्ष के थे। स्पेन ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर यूरो कप का खिताब अपने नाम किया। फ्रांस को मौजूदा विश्व कप की सबसे प्रभावशाली टीम माना जा रहा है, जिसकी अग्रिम पंक्ति में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। सबकी निगाह हालांकि एमबाप्पे पर टिकी रहेगी, जिन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक गोल किए हैं। स्पेन को टूर्नामेंट में आने से पहले यामल और साथी विंगर निको विलियम्स की चोटों से जूझना पड़ा। स्पेन को पिछले दो दौर में पुर्तगाल और बेल्जियम को हराने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो के अंतिम क्षणों में किए गए गोल पर निर्भर रहना पड़ा। विश्व कप या यूरो कप में ये दोनों देश कई बार आमने-सामने आ चुके हैं।

## इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना

अर्जेंटीना और इंग्लैंड की प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इस प्रतिद्वंद्विता में फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फॉकलैंड द्वीप समूह पर हुए संघर्ष से जुड़ा तनाव भी शामिल हैं। विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच कई बार तनाव के क्षण आए हैं। विश्व कप 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ तनावपूर्ण क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया था। विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल ने अर्जेंटीना को क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाने में मदद की, जिसके चलते अर्जेंटीना ने ट्रॉफी जीती। मेस्सी पर सबकी नजर रहेगी, जो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं। यह विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ उनका पहला मैच होगा। अगर मेस्सी अर्जेंटीना को खिताब दिला देते हैं, तो वह अपने देश के लिए दो विश्व कप जीतकर महान माराडोना को पीछे छोड़ देंगे। इससे अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दो बार चैंपियन बनने वाला पहला देश भी बन जाएगा।

# दबे पांव आएगी मौत! तैयार रहना ट्रंप, अब खुल्लम-खुल्ला धमका रहा ईरान

एजेंसी



**तेहरान।** अमेरिका के वरिष्ठ रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम की मौत के बाद ईरान का रुख पूरी तरह से आक्रामक नजर आ रहा है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रमुख अखबारों और सरकारी टेलीविजन पर ग्राहम की मौत को जिस तरह से पेश किया गया है। उसने अमेरिका और इजराइल के साथ पहले से जारी तनाव को और तेज कर दिया है। एक तरफ ईरानी अखबारों ने अमेरिकी नेताओं को खुली चेतावनी देने वाले संदेश प्रकाशित किए हैं तो दूसरी ओर सरकारी टीवी पर ग्राहम की मौत पर विवादित टिप्पणी सामने आई है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया पर भी कई तरह की अटकलें और साजिशी दावे तेजी से फैलने लगे हैं। ईरान के प्रमुख अखबार हमशहरी ने अपने पहले पन्ने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक प्रतीकात्मक तस्वीर प्रकाशित की।

फोटो में ट्रंप को इंस्टाग्राम की तस्वीर के सामने घुटनों के बल बैठे हुए दिखाया गया है। उनके साथ अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेक्ससेथ, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका इजराइल के कई अन्य शीर्ष नेताओं की भी तस्वीरें प्रकाशित की गई। इस तस्वीर के ऊपर बड़े अक्षरों में लिखा गया है अचानक मौत के लिए तैयार रहो। इस हेडलाइन को अमेरिका और इजराइल के शीर्ष नेतृत्व के लिए एक सीधी राजनीतिक चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है। यही नहीं ईरान के दूसरे प्रमुख अखबार वतन एमरोज ने भी 13 जुलाई को अपने संस्करण में लिंडसे ग्राहम की मौत को प्रमुखता से प्रकाशित किया। अखबार ने ग्राहम को मौत का सौदागर बताते हुए लिखा वे लंबे समय से ईरान के खिलाफ अमेरिका की सख्त नीतियों के सबसे मुखर समर्थकों में से एक रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ग्राहम की मौत अचानक आई बीमारी के कारण हुई।

अखबार ने उनके राजनीतिक रुख पर तीखी टिप्पणी करते हुए उन्हें मधे पूर्व में अमेरिकी सैन्य नीतियों का सबसे प्रमुख चेहरा बताया। विवाद उस समय और ज्यादा बढ़ गया जब ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित कार्यक्रम में ईरान की न्यूज प्रेजेंटर ने ग्राहम की मौत पर तीखी टिप्पणी की। प्रेजेंटर ने कहा, ईरान विरोधी और युद्ध भड़काने वाले अमेरिकी सेनेटर लिंडसे ग्राहम के जहन्नुम भेजे जाने पर मैं ईरानी जनता को बधाई देती हूं। इस बयान ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई लोगों ने इसे राजनीतिक मयार्दा के खिलाफ बताया। जबकि ईरान समर्थक वर्ग इसे अमेरिकी नीतियों के प्रति नाराजगी का प्रतीक बता रहा है।

अब्राहम की मौत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कई तरह की थ्योरीज वायरल होने लगी। कुछ पोस्ट में उनकी मौत को सामान्य घटना मानने से इंकार किया गया है। जबकि कई यूजर्स ने बिना किसी आधिकारिक प्रमाण के अलग-अलग दावे करने शुरू कर दिए हैं।

# पाकिस्तान सीमा के पास के मस्जिद, मदरसे, दरगाह हटेंगे, राजस्थान हाईकोर्ट का स्टे से इनकार

एजेंसी



**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर (अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में) मौजूद मस्जिद, मदरसे और दरगाह हटाये जायेंगे. राजस्थान सरकार इन्हें हटाने का नोटिस जारी किया है. खबरों के अनुसार राजस्थान की भाजपा सरकार का फैसला मुसलिम समुदाय को रास नहीं आया. सरकार के आदेश के खिलाफ मस्जिद-मदरसों की कमेटियों ने राजस्थान हाईकोर्ट में गुहार लगाई , लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली. हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश पर दखल देने से इनकार कर दिया है. जानकारी के अनुसार मस्जिद-मदरसों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार की कार्रवाई पर स्टे देने से मना कर दिया. हाईकोर्ट ने राजस्थान सरकार को यह आदेश भी दिया कि हर मामले की अलग-अलग जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया जाये. जो धवस्तीकरण या बेदखली को लेकर की जाने वाली कार्रवाई की सिफारिश कर सकेगी, राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस न्यायमूर्ति समीर जैन ने सरकार के आदेश को धार्मिक भेदभाव नहीं,राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला करार दिया. उन्होंने कहा कि किसी भी संवेदनशील जानकारी का खुलासा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है. यह कहते हुए हाईकोर्ट ने पीर मोहम्मद शाह जिलानी दरगाह समिति सहित अन्य की ओर से दायर याचिकाएं खारिज कर दीं. इन याचिकाओं में जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर आदि सीमावर्ती जिलों में 50 किलोमीटर के दायरे में स्थित मस्जिद, मदरसे और दरगाहों को हटाने के लिए सरकार की ओर से जारी नोटिस को चुनौती दी गयी थी. हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने जून में कहा था कि भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में बने मस्जिद, मदरसे और दरगाह हटाए जाएंगे.

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में यूएई के दो तेल टैंकरों पर ईरान ने किया मिसाइल हमला, एक भारतीय क्रू मेंबर की मौत, छह घायल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** ईरान पर लगातार अमेरिकी हमलों के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में यूएई के दो तेल टैंकरों पर क्रूज मिसाइलों से हमला किये जाने की खबर है. इस हमले में एक भारतीय क्रू मेंबर की मौत हो गयी है, छह भारतीय क्रू मेंबर घायल बताये गये हैं. दो यूक्रेनी नागरिक भी हमले में घायल हुए हैं. बता दें कि दो दिन पूर्व भी खबर आयी थी कि भारतीय नाविकों वाले एक टैंकर पर हमला हुआ था. हमले के बाद एक भारतीय नाविक का कोई अता पता नहीं चला था, 0 नाविकों ने समंदर में कूद कर अपनी जान बचाई थी. उन्हें रेस्क्यू कर लिया गया था. यूएई के रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि ईरान की दो क्रूज मिसाइलों ने तेल टैंकर मोम्बासा और अल बहियाह को निशाने पर लिया. ओमान के समुद्री क्षेत्र में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के दक्षिणी हिस्से में मौजूद तेल टैंकरों पर मिसाइल हमला हुआ, जिससे दोनों टैंकरों में आग लग गयी. रक्षा मंत्रालय के अनुसार आग से जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा. बाद में आग पर काबू पा लिया गया. दोनों टैंकरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है. यूएई के रक्षा मंत्रालय ने हमले को बेहद गंभीर करार देते हुए कहा कि देश अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा. हमें इस हमले का जवाब देने का पूरा अधिकार है. ईरान पर ताजा अमेरिकी हमलों को लेकर अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर ईरान के कई ठिकानों को निशाने पर लिया गया है. अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के बाद ईरानी मीडिया ने बंदर अब्बास, किश, केश्म और अबू मूसा द्वीप पर विस्फोट होने की खबर दी है.अहम खबर यह है किडोनाल्ड ट्रंप ने हमलों से पहले एक रेडियो इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका ईरान पर जोरदार हमला करेगा. यह भी ऐलान किया ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों की नौसैनिक घेराबंदी मंगलवार शाम अमेरिकी समय के अनुसार लागू कर दी जायेगी.

**भारतीय नाविक की मौत और घायलों का हाल**

'मोम्बासा' टैंकर पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई। इसके अलावा, हमले में आठ अन्य क्रू सदस्य घायल हुए हैं, जिनमें से चार की स्थिति गंभीर है। घायल होने वालों में कुल छह भारतीय और दो यूक्रेनी नागरिक शामिल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। वअए ने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताते हुए कहा है कि वह अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाब देने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

## भारतीय नाविक की मौत से भड़का भारत, ईरानी राजनयिकों को किया तलब

होर्मुज जलडमरूमध्य में हुए एक भीषण मिसाइल हमले में भारतीय नाविक की मौत के बाद भारत ने कड़ा कदम उठाया है। इस घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए भारत ने नई दिल्ली में ईरान के वरिष्ठ राजनयिकों को तलब किया है। विदेश मंत्रालय ने इस हमले को लेकर ईरान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है, जिसमें एक भारतीय नागरिक की जान गई और कई अन्य घायल हो गए। इस घटना को भारत ने अत्यंत गंभीरता से लेते हुए नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय में ईरान के वरिष्ठ राजनयिकों, जिनमें डिप्टी चीफ ऑफ मिशन मोहम्मद जवाद हुसैनी शामिल हैं, को तलब किया और इस जानलेवा हमले पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। वअए के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उनके दो टैंकरों- 'मोम्बासा' (Mombasa) और 'बहिया' (Bahia) को ओमान के क्षेत्रीय जल में होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिणी मार्ग से गुजरते समय ईरानी क्रूज मिसाइलों द्वारा निशाना बनाया गया। हमले के बाद दोनों वाणिज्यिक जहाजों पर भीषण आग लग गई, जिससे भारी ढांचागत नुकसान हुआ। हालांकि, आपातकालीन टीमों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

# योगी आदित्यनाथ के मंत्री ने कहा- राम मंदिर में चंदा चोरी पर सीएम सख्त, 2027 में फिर बनेगी बीजेपी सरकार

एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंचे. यहां उन्होंने कहा कि वह सपरिवार बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने परिवार, उत्तर प्रदेश के सभी प्रदेशवासियों तथा देश की सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करेंगे. पूजा-अर्चना के बाद मंत्री धर्मवीर प्रजापति का बासुकीनाथ धाम जाने का भी कार्यक्रम है. मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने अयोध्या राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले पर कहा कि सरकार इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से देख रही है. उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**2027 विधानसभा चुनाव में इखढ को जीत का भरोसा**

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने दावा किया कि सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं के कारण भारतीय जनता पार्टी चुनावी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है, जबकि विपक्ष चुनाव परिणामों को लेकर चिंतित रहता है.

**विपक्ष पर हमला, जनता का भाजपा पर भरोसा**

विपक्ष पर निशाना साधते हुए धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी चुनाव हारती है तो विपक्ष को कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन पार्टी की जीत होने पर विपक्षी दल विभिन्न प्रकार के आरोप लगाने लगते हैं. उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर भरोसा जता रही है.

**2027 चुनाव की तैयारी**

गौरतलब है कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव होने हैं. इसे देखते हुए सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने में जुटे हुए हैं.

# रथ यात्रा : पुरी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत, ईस्ट कोस्ट रेलवे चलाएगा कई स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर ईस्ट कोस्ट रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है. इससे पश्चिमी और दक्षिणी ओडिशा के श्रद्धालु आसानी से पुरी पहुंच सकेंगे. रेलवे के अनुसार, जगदलपुर, रायगड़ा, संबलपुर और शालीमार जैसे प्रमुख शहरों से पुरी के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, ताकि रथ यात्रा के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को संभाला जा सके.

**जगदलपुर-पुरी स्पेशल ट्रेन का इन स्टेशनों पर होगा ठहराव**

ट्रेन संख्या 08553 15 और 23 जुलाई को सुबह 6 बजे जगदलपुर से रवाना होगी और अगले दिन रात 1:40 बजे पुरी पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 08554 16 और 24 जुलाई को शाम 7:15 बजे पुरी से चलेगी और अगले दिन दोपहर 1:15 बजे जगदलपुर पहुंचेगी. यह स्पेशल ट्रेन कोरापुट, जयपुर, कोटपड़, रायगड़ा, गुनुपुर, पारलाखेमुंडी, पलासा और खुरदा रोड सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी. इसके अलावा रायगड़ाझपुरी स्पेशल ट्रेन भी निर्धारित तारीखों पर चलेगी, जिससे दक्षिणी ओडिशा के यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी.

**शालीमार-पुरी स्पेशल ट्रेन इन स्टेशनों पर ठहरेगी**

ट्रेन संख्या 08565/08566 15 और 23 जुलाई को शाम 6 बजे शालीमार से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6:00 बजे पुरी पहुंचेगी. वापसी में यह ट्रेन 17 और 25 जुलाई को रात 12:30 बजे पुरी से चलेगी और दोपहर 1:30 बजे शालीमार पहुंचेगी. यह ट्रेन संतरागाछी, मेचेदा, खड़गपुर, बेलदा, दांतन, जलेश्वर, बस्ता, रुपसा, बालेश्वर और सोरो जैसे स्टेशनों पर ठहरेगी.

**300 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी**

रथ यात्रा में देशभर से करोड़ों श्रद्धालुओं के पुरी पहुंचने की संभावना है. यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारतीय रेलवे पूरे देश में 300 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है, ताकि लोगों को यात्रा में किसी तरह की परेशानी न हो.

# ई-20 पेट्रोल के खिलाफ केजरीवाल ने शुरू किया ऑनलाइन सिग्नेचर कैंपेन, पीएम मोदी को भी लिखा पत्र

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में ई-20 पेट्रोल को लेकर उठ रही शिकायतों का हवाला देते हुए दो प्रमुख मांगें रखी हैं. केजरीवाल ने हर पेट्रोल पंप पर शुद्ध पेट्रोल और ई-20 पेट्रोल दोनों का विकल्प उपलब्ध कराने तथा कम माइलेज मिलने के कारण ई-20 की कीमत सामान्य पेट्रोल से कम रखने की मांग की है. साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय भी मांगा है. इतना ही नहीं केजरीवाल ने आज स्टॉप ई-20 पेट्रोल ऑनलाइन सिग्नेचर अभियान शुरू किया. StopE20petrol.com के जरिए लोग प्रधानमंत्री के नाम याचिका पर हस्ताक्षर कर अपनी आवाज दर्ज करा सकते हैं.

**ई-20 को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र:**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ई-20 पेट्रोल को लेकर देशभर के लोगों में नाराजगी है. उन्होंने कहा कि लोग लगातार शिकायत कर रहे है कि ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों की माइलेज कम हो रहा है और कई वाहनों के इंजन और अन्य पाट्‌र्स पर भी इसका असर पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का दायित्व है कि वह जनता की आवाज सुने. केजरीवाल ने बताया कि इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने आम लोगों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा है कि सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और जनता के हित में फैसला लेना चाहिए.

**प्रधानमंत्री से मांगा मिलने का समय:**

अअढ प्रमुख ने बताया कि उन्होंने पत्र में प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय भी मांगा है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल पंपों और सर्विस स्टेशनों पर जाकर लोगों से मिला हूं और वाहन मालिकों की समस्याओं को करीब से सुना है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को यह बताना चाहते हैं कि आम लोग इस मुद्दे पर क्या महसूस कर रहे हैं और ए20 पेट्रोल से जुड़े कौन-कौन से तकनीकी सवाल सामने आ रहे हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री उन्हें जल्द मिलने का समय देंगे. अरविंद केजरीवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर देशव्यापी ऑनलाइन पिटीशन शुरू की है. यह पिटीशन प्रधानमंत्री के नाम है और इसमें लोग अपने हस्ताक्षर करने के साथ-साथ अपने अनुभव भी साझा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि यदि किसी वाहन की माइलेज पहले से कम हो गई है या ई-20 के कारण किसी तरह की तकनीकी समस्या आई है तो लोग उसका जिक्र पिटीशन में कर सकते हैं.

## नासिक में पिकनिक मनाने गए परिवार को गुंडों ने 20 किमी तक दौड़ाया, छेड़छाड़ के विरोध पर हमला; 9 गिरफ्तार

**नासिक।** पीड़ित महिला ने न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में पूरी घटना के बारे में जानकार दी. पीड़ित ने बताया, ´हमारा 8 सदस्यों का परिवार 12 जुलाई को भावली डैम घूमने गया था. वहां 20-25 साल के दो युवकों ने मुझ पर अश्लील टिप्पणियां कीं और परेशान करना शुरू कर दिया. जब मैंने हिम्मत दिखाकर उन्हें डांटा, तो वे बहस करने लगे. इसके बाद मेरे पति और देवर वहां पहुंचे और दोनों बदमाशों को आड़े हाथों लिया. उस वक्त तो वे वहां से चले गए, लेकिन थोड़ी ही देर बाद वे अपने गांव से 8-10 लोगों को लेकर वापस लौट आए.ˇ पीड़ित महिला के मुताबिक, बदमाशों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते हाथापाई पर उतर आए. स्थिति बिगड़ती देख परिवार तुरंत अपनी गाड़ी में बैठकर नासिक के लिए रवाना हो गया. पीड़ित महिला के पति ने बताया कि बदमाशों का गुस्सा इतने पर ही शांत नहीं हुआ. वे गाड़ियों में लोहे की रॉड लेकर पीछे लग गए. पति ने बताया, ´जैसे ही हम टोल प्लाजा के पास पहुंचे, एक कार ने हमारा रास्ता रोका और हमला कर दिया. अपनी जान बचाने के लिए हमें टोल प्लाजा का बैरिकेड तोड़कर गाड़ी भागानी पड़ी. हम एक संकरे रास्ते पर निकल गए, लेकिन बदमाशों ने वहां भी हमें घेर लिया. पूरे रास्ते में उन्होंने हमारी गाड़ी पर 5 से 6 बार रॉड से हमला किया. हमने स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई और सीधे नासिक के पुलिस स्टेशन पहुंचे.

# बंगाल में 1 लाख मकान और ग्रामीण सड़कों के लिए केंद्र देगा 1000 करोड़ : शुभेंदु अधिकारी




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी योजना के तहत पश्चिम बंगाल में एक लाख मकानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है. ग्रामीण सड़कों के लिए राज्य को 1000 करोड़ रुपए दिये हैं. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि केंद्र ने राज्य में 2,400 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए ये 1,000 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं.

**शिवराज से सौंपा आवास योजना का स्वीकृति पत्र**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख मकानों के निर्माण को भी मंजूरी मिल गयी है. शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख मकानों की स्वीकृति के पत्र मुझे और पंचायत मंत्री दिलीप घोष को सौंपे.

**9 महीने में बंगाल को 8500 करोड़ रुपए से अधिक मिलेंगे : चौहान**

केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात के बाद कहा कि बंगाल को 31 मार्च 2027 तक 9 महीनों में विकसित भारत जी-रामजी योजना के तहत 8,508 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मिलेगी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अंशदान को मिलाकर इस योजना की कुल राशि 12,064 करोड़ रुपए से अधिक हो जायेगी.

# संक्षिप्त खबर

## टीईटी पेपर लीक मामला, राहुल का फडणवीस सरकार पर हल्लाबोल, 17 जुलाई को देहरादून में छात्रों से मिलेंगे



**मुंबई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार पर हल्ला बोला. उन्होंने एक्स पर लिखा महाराष्ट्र टीईटी का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हो गयी. इस कारण 6 लाख अभ्यर्थी अधर में लटक गये. राहुल गांधी ने लिखा, दो सप्ताह बीत गये हैं. अब तक नयी तारीख(परीक्षा कराने) का कोई अता-पता नहीं. राहुल गांधी ने कहा, पेपर लीक करने वाले आजाद घूम रहे हैं, सिस्टम बेदाग बना हुआ है. लेकिन सजा भुगत रहे हैं वो लोग जिन्होंने ईमानदारी से मेहनत की. महाराष्ट्र पेपर लीक को लेकर कहा, ये देश के होने वाले शिक्षक हैं जिनके हाथ में भारत का भविष्य है. ये वही लोग हैं जिन्होंने साल दर साल तैयारी की, फॉर्म भरे, फीस दी, दूर-दराज के सेंटर तक गये और अब बस बिना तारीख, बिना जवाब के इंतजार कर रहे हैं. राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री फडणवीस को संबोधित करते हुए कहा, मुख्यमंत्री जी पेपर लीक के जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई हो, अभ्यर्थियों पर नहीं. जिनका साल इस लीक के कारण बर्बाद हुआ, उन्हें उम्र सीमा में छूट दी जाये. राहुल गांधी ने लिखा, गलती संस्था की, सजी अभ्यर्थी को..यह इंसाफ नहीं है. उन्होंने लिखा, 17 जुलाई को देहरादून में मैं पेपर लीक के बढ़ते संकट पर आपसे(छात्रों से) विस्तार से बात करूंगा. अब समय आ गया है शिक्षा क्रांति का ऐसी व्यवस्था बनाने का, जहां युवाओं को सिस्टम की नाकामी नहीं, अपनी मेहनत का फल मिले.

## भोजशाला विवाद : सीजेआई का एमपी सरकार को निर्देश, व्यवस्था करें... मुस्लिम पक्ष नमाज अदा कर सके



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला परिसर को लेकर सुनवाई के क्रम में अहम आदेश जारी किया. सीजेआई सूर्यकांत ने मध्य प्रदेश सरकार को अंतरिम व्यवस्था के तहत मुस्लिम पक्ष को जुमे की नमाज अदा करने के लिए भोजशाला परिसर से सटी खुली जगह उपलब्ध कराने का आदेश दिया. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे केवल अंतरिम व्यवस्था करार दिया, स्पष्ट किया कि इसे किसी भी पक्ष के अधिकारों या दावों पर अंतिम फैसला नहीं माना जायेगा. कोर्ट के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य मुकदमे के अंतिम निपटारे तक शांति और सौहार्द कायम रखना है. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश देते हुए कहा, वह ऐसी अंतरिम व्यवस्था बनाये, जिससे कोई भी पक्ष प्रभावित न हो. मुस्लिम पक्ष पहले की तरह नमाज अदा कर पाये. दरअसल सुप्रीम कोर्ट में आज मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई, जिसमें भोजशाला को मां सरस्वती को समर्पित मंदिर माना गया था. बता दें कि हिंदू पक्ष शुरू से दावा करता रहा है कि भोजशाला मां सरस्वती का प्राचीन मंदिर है. उधर मुस्लिम पक्ष के अनुसार यह कमाल मौला मस्जिद है. आज सुनवाई के क्रम में मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने दलील दी कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकार प्रभावित हुए हैं. कहा कि मुस्लिम पक्ष वहां नमाज पढ़ता रहा है. वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.अभिषेक मनु सिंघवी ने मुस्लिम पक्ष की ओर से कहा कि यह संभव है कि कुछ स्थानों पर कभी मंदिर रहे हों, लेकिन सिर्फ इसी आधार पर इतिहास को पलटना उचित नहीं होगा.

## दिल्ली दंगा : आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन सहित पांच आरोपी दोषी करार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने साल 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपी आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन सहित पांच आरोपियों को दोषी ठहराया है. इन सभी को इंटेलिजेंस ब्यूरो (कइ) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में दोषी माना है. फैसला सुनाये जाने के बाद ताहिर हुसैन रोने लगा.खुद को बेकसूर बताया. फरवरी 2020 में हुए दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी, कई अन्य घायल हुए थे. करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था। याद करें कि 25 फरवरी 2020 को चांद बाग इलाके में उअअ के विरोध प्रदर्शनों के दौरान आईबी के सिक्योरिटी असिस्टेंट अंकित शर्मा की हत्या दंगाईयों कर दी थी. उनका शव अगले दिन एक नाले से बरामद हुआ था. अंकित के पिता रवींद्र कुमार की शिकायत पर दयालपुर थाने में ऋकफदर्ज हुई थी. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तत्कालीन आप पार्षद ताहिर हुसैन सहित 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया था. 3 जून 2020 को अदालत में 648 पन्नों की मेन चार्जशीट दाखिल की गयी थी. जांच के क्रम में छह सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की गयी थी. कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज परवीन सिंह ने कल सोमवार, 13 जुलाई को इस हाई-प्रोफाइल मामले में पांच आरोपियों को दोषी ठहराया. हालांकि छह आरोपियों को बरी भी कर दिया. दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अनुसार ताहिर हुसैन सहित अन्य आरोपियों को दोषी करार दिये जाने का फैसला एक लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरने के बाद सामने आया है. इस मुकदमे के तहत प्रॉसीक्यूशन की ओर से पेश 110 गवाहों में से अदालत ने 91 गवाहों के बयानों और सबूतों की जांच की.

## बांग्लादेश में विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन, 54 रोहिंग्या लोगों की मौत, 10 लाख लोग बेघर हुए

**ढाका।** बांग्लादेश में आयी विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 54 रोहिंग्या लोगों की मौत हो जाने की खबर है.जानकारी के अनुसार बाढ़ और भूस्खलन का सर्वाधिक असर तटीय ज़िले कॉक्स बाजार पर पड़ा है. पिछले सप्ताह मूसलाधार बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण भारी तबाही मची है. बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन मंत्रालय ने कल यानी 13 जुलाई को दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 54 लोगों की मौत होने की आधिकारिक पुष्टि की है. प्राकृतिक आपदा के कारण पूरे इलाके में अस्त-व्यस्त हो गया है. मंत्रालय के अनुसार रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में मिट्टी धंसने की वजह से बच्चों समेत कई लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गयी . प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. कॉक्स बाजार सहित कई क्षेत्रों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं. कई गांवों में कमर तक पानी भरा हुआ है. निचले इलाकों में लोगों के टिन से बने घर पूरी तरह से पानी में डूब चुके हैं. यहां के लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में दर दर भटक रहे हैं, आपदा प्रबंधन मंत्रालय ने कहा है कि बाढ़ के कारण 10 लाख से ज्यादा लोग विभिन्न इलाकों में फंसे हुए हैं.



# काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

मुंबई। जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# जैस्मिन

## लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।



## हॉलीवुड मसाला



# 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

लॉस एंजिल्स। जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।




# माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'माइकल 24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों में 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



# हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

नई दिल्ली। ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



# सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

नई दिल्ली। हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

## टीवी मसाला



# आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

नई दिल्ली। हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता

# कहानी ऐसी हो, जो सोचने पर मजबूर करे : जॉन अब्राहम

मुंबई। पिछले काफी वक्त से जॉन अब्राहम रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में जॉन अब्राहम ने राकेश मारिया का किरदार निभाने और असल जिंदगी के लोगों को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी के बारे में बात की। साथ ही उनका मानना है कि सिनेमा का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं है। इसे फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बने रहना चाहिए। एक बातचीत के दौरान जॉन ने कहा कि दमदार कहानी कहने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो मनोरंजन करे, सोचने पर मजबूर करे और फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के मन में बसी रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कहानी आपको कुछ न कुछ देकर जानी चाहिए। मनोरंजन जरूरी है, सिनेमा को हमेशा आपको जोड़े रखना चाहिए। लेकिन अगर कोई फिल्म थिएटर से निकलने या उसे देखने के बाद भी आपके साथ बनी रहती है, तो यह और भी अच्छी बात है। मैं प्रोजेक्ट्स इसलिए नहीं चुन रहा हूं कि वे कोई खास बात कहना चाहते हैं। मैं उन्हें इसलिए चुनता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वे ईमानदार हैं, अच्छी तरह से कही गई हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली हैं। अगर उनसे बातचीत शुरू होती है, तो यह एक बोनस है।



### राकेश मारिया का निभाएंगे किरदार

इतने साल में एक प्रोड्यूसर के तौर पर मुझे एहसास हुआ है कि मैं ऐसी कहानी को सामने लाने में मदद कर सकता हूं जिसे देखा जाना चाहिए। आखिर में, कहानी ही सबसे अहम होती है। अगर वह मुझे प्रभावित करती है, तो मैं उसे सपोर्ट करूंगा। मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर भी जॉन अब्राहम ने बात की। उन्होंने कहा कि राकेश मारिया का करियर हमारे देश के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं से जुड़ा रहा है, इसलिए उन्हें पर्दे पर उतारने में एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास होता है। जब आप किसी असली इंसान का किरदार निभाते हैं, तो मकसद उनकी नकल करना नहीं होता, बल्कि उनकी पब्लिक इमेज के पीछे छिपे असली इंसान को समझना होता है।

# जापान में धुरंधर का बुरा हाल, बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई डिजास्टर...

नई दिल्ली। रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर ने देश और दुनियाभर में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया था। वहीं, ये फिल्म 10 जुलाई को जापान में रिलीज की गई थी, लेकिन यहां ये फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकामयाब साबित हुई है। जापान में फिल्म की ओपनिंग काफी ठंडी रही है। बता दें कि जापान में 'धुरंधर' को एक बड़ा झटका लगा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म को 10 जुलाई को देश भर में लगभग 80 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले दिन 900 से भी कम दर्शकों ने यह फिल्म देखी। गौरतलब है कि इसे जापानी मार्केट में जोर-शोर से प्रमोट किया गया था बावजूद इसके ये जापानी बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फुस्स साबित हुई है। इसी के साथ ये जापान में किसी भारतीय फिल्म की सबसे कमजोर ओपनिंग में से एक बन गई है। हैरानी की बात ये है कि ये फिल्म जापान में अपने पहले दिन टॉप 25 फिल्मों में भी जगजह नहीं बना पाई।



### जापानी दर्शकों को पसंद आई फिल्म

रिलीज के स्केल को देखते हुए, ओपनिंग के आंकड़े ट्रेड के लिए एक बड़ा सरप्राइज रहे हैं। रिलीज से पहले फिल्म से अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि, जापानी दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई, जिसके कारण ज्यादातर जगहों पर बहुत कम लोग फिल्म देखने पहुंचे। गौरतलब है कि जापान में आरआरआर और साहो जैसी कई भारतीय फिल्में सफल रही हैं और उन्होंने ओपनिंग डे पर बहुत ज्यादा दर्शक जुटाए थे। इसके उलट, 'धुरंधर' की शुरुआत पुष्पा 2 जैसी ही धीमी रही। दरअसल, पुष्पा 2 को भी रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा के बावजूद पहले दिन 900 से कम दर्शक मिले थे। यह ट्रेंड बताता है कि जापानी मार्केट में ग्लोबल पॉपुलैरिटी को बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस में बदलना एक चुनौती है।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC VOCATIONAL IIT
MANAGEMENT ENGINEERING AICTE
INTERMEDIATE UG & PG LAW
NCTE MBBS ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com


हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.